ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम: 04°C

नई दिल्ली, मंगलवार 6 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन पेज 2




बांग्लादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण खेल टाइम्स



ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय! सम्पादकीय



ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी पेज 12

# पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित

- लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है।

लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया, जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के वांछित अपराधी तालिब उर्फ आजम खां की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा मगर स्वयं को पुलिस से घिरा देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी ढेर हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तीन हफ्ते के भीतर यह पांचवीं घटना बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बांग्लादेश के जेसोरे जिले के मोनिरामपुर उपजिला में हुई। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। बैरागी को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सोमवार दोपहर हुई। राणा प्रताप बैरागी केशबपुर उपजिला के निवासी थे। उन्हें मोनिरामपुर उपजिला के कपालिया बाजार में गोली मार दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा प्रताप सोमवार शाम करीब छह बजे कपालिया बाजार में थे, जब अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव

**कोनसीमा।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के राजोले इलाके में सोमवार को ओएनजीसी के एक चालू तेल कुएं से भारी गैस रिसाव हुआ है। घटना उस वक्त हुई, जब कुएं में मरम्मत का काम चल रहा था। हालात को देखते हुए प्रशासन ने इरुसुमंदा और आसपास के तीन गांवों को एहतियातन खाली करा लिया। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा। कुछ ही देर में गैस में आग लग गई और कुएं के पास ऊंची लपटें उठने लगीं। प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से बिजली के स्विच बंद रखने, गैस चूल्हा न जलाने और किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल न करने की अपील की।

### सूर्या होगा पुन: उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुन: उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है, जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई को राजद नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। श्री यादव ने याचिका में भारतीय रेलवे की कैटरिंग शाखा से जुड़े एक पुराने भ्रष्टाचार मामले में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती दी है।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को नहीं मिली जमानत

**कोर्ट ने 5 अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान व शादाब अहमद को सशर्त जमानत दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक -शेष पृष्ठ दो पर

**दिल्ली दंगा: उमर और शरजील अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं : शीर्ष अदालत**



### अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री को चादर चढ़ाने से रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चादर चढ़ाने से रोकने की मांग को लेकर पेश याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है। वैसे भी यह अप्रासंगिक हो गया है, क्योंकि चादर चढ़ाने का कार्यक्रम पहले ही हो चुका है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसके आदेश का दरगाह से जुड़े अजमेर अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# उप्र पुलिस भर्ती के 32,679 पदों पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो




- सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 31 दिसम्बर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001 (008)24/23, दिनांक 5 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है। देवरिया सदर से विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था।

# मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

- एसआईआर फॉर्म में मिलीं गड़बड़ियां

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। शमी और उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है।

शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियों मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी।

## पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**गुवाहाटी/शिलांग।** पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हालांकि राज्य में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन एक बुजुर्ग महिला घर से बाहर भागते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। भूकंप के झटके सोमवार तड़के 4:17 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र मध्य असम के मोरीगांव में धरती की सतह से 50 किलोमीटर गहराई में था। 80 वर्षीय जॉयमोती डेवरी को भूकंप के दौरान अपने घर से बाहर भागते समय सिर में चोट लग गई।

# उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## दिल्ली में घने कोहरे के साथ बना रहा एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में बाधा आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 260-262 रहा और लगातार दूसरे दिन भी यह 'खराब' श्रेणी में बना रहा। कई इलाकों में प्रदूषण स्तर चिंताजनक रहा।

# सोमनाथ पर आक्रमण के 1000 साल, मोदी ने लिखा लेख

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: यह विध्वंस नहीं, हमारे स्वाभिमान की गाथा, मिटाने वाले खत्म हो जाते हैं
- बोले: नेहरू नहीं चाहते थे राष्ट्रपति सोमनाथ जाएं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के प्रभास पाटन में बने पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर पर एक लेख लिखा है। यह ब्लॉग पोस्ट सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर है।

पीएम ने इसे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व नाम दिया है। गौरतलब है कि विदेशी आक्रमणकारी गजनी के महमूद गजनवी ने जनवरी 1026 में सोमनाथ पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। पीएम मोदी ने लिख कि सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ मंदिर, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी एक हजार साल बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में बढ़ी ठंड

- आगरा व मुजफ्फरनगर में नौ गाड़ियां टकराईं, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया है।

सोमवार सुबह मध्य प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यूपी में कोहरे के कारण सोमवार को मुजफ्फरनगर और आगरा में सड़क हादसों में 9 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें 5 लोगों की मौत हुई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। लखनऊ समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं और 10/15 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी द्धआपत्रः के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबा. रा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में 13 बकरियां मरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में बीती रात एक तेंदुए ने बकरी पालन में घुसकर लगभग दो दर्जन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 13 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 6 बकरियां घायल हो गईं। सुजौली गांव के सोतिया नाला के समीप मनीष मौर्य का बकरी पालन व्यवसाय है, जिसमें दर्जनों बकरियां होती हैं। रात एक तेंदुआ जंगल से निकलकर पालन में घुस गया और बकरियों के झुंड पर अंधाधुंध हमला कर दिया। घायल बकरियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक विपिन बिहारी और सहायक पशु चिकित्सक ललित सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी देखभाल की।

# बुद्ध की शिक्षाएं दबाव से नहीं, संवाद व नैतिक आचरण से विश्व में फैली

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और उसके विश्वभर में फैलने के संबंध में विचारकों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं बल्कि संवाद और नैतिक आचरण के जरिए विश्व भर में फैलीं हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश में जो वापसी हुई है, वह स्वामित्व नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को यहां पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बौद्ध दर्शन पर आयोजित पैनल चर्चा में शामिल विद्वानों ने पिपरावा अवशेषों की वापसी को सुगम बनाने में मोदी, संस्कृति मंत्रालय और उनके सहयोगियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्विक सद्भावना, शांति तथा साझा मानवीय मूल्यों के प्रति यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नव नालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद, नैतिक आचरण और व्यक्तिगत उदाहरण के जरिए विश्व भर में फैलीं। बौद्ध धर्म अन्य धर्म-आधारित परंपराओं की तरह धर्म परिवर्तन के बजाय मानव मन की शुद्धि और दुखों के निवारण का प्रयास करता है।

उनका कहना था कि बुद्ध के अवशेष समकालीन अनुयायियों को ऐतिहासिक बुद्ध से जोड़कर जीवंत परंपराओं को बनाए रखते हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश वापसी स्वामित्व के बजाय साझा जम्मिेदारी का प्रतीक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. नलिन कुमार शास्त्री ने कहा कि पिपरावा अवशेषों की वापसी शांति और एकीकृत राष्ट्रीय विकास के मार्गदर्शक के रूप में बौद्ध दर्शन की नई प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि बौद्ध विचार प्राचीन ज्ञान को नैतिक शासन, पर्यावरण स्थायित्व और मानसिक कल्याण जैसे समकालीन चिताओं से जोड़ता है और सामाजिक सद्भाव, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा वैश्विक कल्याण के लिए धम्म की मातृभूमि के रूप में भारत की भूमिका को पुनः स्थापित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. बाला गणपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की वैश्विक स्वीकृति इसकी दार्शनिक गहराई और नैतिक सार्वभौमिकता में निहित है। पिपरावा अवशेषों को बुद्ध के संद. ेश के जीवंत प्रमाण बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन तेजी से खंडित होती दुनिया में शांति, सहअस्तित्व और नैतिक स्पष्टता के लिए एक व्यावहारिक और मानवीय ढांचा प्रदान करता है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेष धम्म के प्रतीकात्मक स्वरूप के रूप में कार्य करते हैं, जो महात्मा बुद्ध की जीवंत उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं दोनों को समाहित करते हैं। अवशेषों की उपासना से स्तूपों और चैत्यों के माध्यम से बौद्ध धर्म के पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि असल दार्शनिक मूल्यों से समझौता किए बिना आदिबुद्ध अवधारणाओं और मातृ-देवी प्रतीकों जैसे स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों को भी समाहित किया है।

# भाजपा का उमर खालिद शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद से देश के टुकड़े टुकड़े गैंग में दुख का माहौल है। पूनावाला ने कहा कि आज शीर्ष अदालत का एक निर्णय आया है, जिसके बाद देश के टुकड़े-टुकड़े गैंग को बड़ा दुख और दर्द महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सिर्फ कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम से नहीं, बल्कि विदेश से भी बहुत सारे पत्र और संवेदनाएं प्रकट हो रही थी। आज उन दोनों आरोपियों को उच्चतम न्यायालय ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत को नामंजूर कर दिया है। पूनावाला ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि जिस प्रकार का अपराध उन्होंने किया है, आतंकवाद और दिल्ली को जलाने के जो भी आरोप उन पर लगाए गए हैं, वो प्रथम दृष्टया सही साबित होते हैं।

# एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विक. सित भारत की यात्रा की रीढ़ हैं।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में संगठन के निरंतर योगदान की सराहना की। कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विक. सित भारत की यात्रा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर आधारित है जिसे कुशल, अनुशासित और सेवा-भाव से प्रेरित युवा शक्ति आगे बढ़ाएगी, और इस दिशा में एनसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उप्र में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लिखी पाती

# साइबर ठगी को लेकर जनता को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: मोबाइल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, पर ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। 'योगी की पाती' के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बताया कि मोबा. इल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने थे, जबकि अब प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी को लेकर खास चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के जरिए न तो किसी को गिरफ्तार करती है और न ही पैसे की मांग करती है। ऐसे कॉल या मैसेज आने पर लोग तुरंत सतर्क हो जाएं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या लोकेशन साझा करने से अपराधी आपके बारे में जानकारी जुटा लेते हैं और उसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इसलिए किसी के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगे गए पैसे की वापसी की संभावना बढ़ जाती है। योगी ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों, खासकर बुजुर्गों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता से ही सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी का संपूर्ण जीवन सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित रहा।

### सीएम का कार्यकल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' से जोड़कर जीवन भर उसे सार्थक किया। उन्होंने जनहित, कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में जो मजबूत नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है। कल्याण सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि रामभक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। योगी ने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और निर्णय क्षमता आज भी जनसेवा से जुड़े लोगों को मार्ग दिखाती है।



सेंसेक्स 85762.01
निफ्टी 26328.55



सोना रु. 134415
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234906
प्रति किलो



# शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50 आईटी सेक्टर पर बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। दिन भरे चले उतार.चढ़ाव के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 26,373.20 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) नीचे 85,439. 62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और अल्ट्रटेक सीमेंट में डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा बढ़त रही। एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है, जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं। पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गई थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जाएगी। दिसम्बर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बोला गया।



आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विटंल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन: दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3303.86 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17623.86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उमर खालिद...** या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि हालांकि संवैधानिक न्यायालयों के पास न्यायिक जांच की शक्ति बनी हुई है, पर यह जांच यूएपीए की निर्धारित सीमाओं के भीतर ही संचालित होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने देखा कि यूएपीए की धारा 15 के तहत 'आतंकवादी कार्य' की परिभाषा बम या पारंपरिक हथियारों के उपयोग तक सीमित नहीं है। संसद ने राज्य की सुरक्षा को धमकी देने या आतंकवादी हमला करने के इरादे से 'किसी अन्य माध्यम से' किए गए कार्यों को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसमें नागरिक जीवन को बाधित करने या सामान्य आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं। इन सिद्धांतों को लागू करते हुए पीठ ने माना कि उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले में दूसरे आरोपियों से 'अलग स्थिति' में थे। उसने पाया कि इस चरण में रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत कानूनी रोक लगाने के लिए काफी थे, जिसने उन्हें जमानत के लिए अयोग्य बना दिया। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि विशेष कानूनों के तहत आने वाले मामलों में समानता को बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि जमानत मंजूर करने के लिए हर आरोपी की भूमिका का अलग-अलग आकलन जरूरी है। यह भी कहा कि खास आरोपों की जांच किए बिना सभी आरोपियों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से कानूनी ढांचा कमजोर होगा। यह मानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना गंभीर चिता का विषय है, न्यायालय ने कहा कि जहां प्रथम दृष्ट्या अभियोजन सामग्री यूएपीए के तहत अपराध का खुलासा करती है, वहां अदालतें विधाई आदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इसी के तहत उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। फैसला 10 दिसम्बर को सुरक्षित रख लिया गया था। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए। उन्होंने यह तर्क देते हुए जमानत याचिकाओं का विरोध किया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा सीएए के खिलाफ अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि अशांति भड़काने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उमर खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया था कि मौजूदा रफ्तार से खालिद बिना मुकदमे के कई सालों तक जेल में रह सकता है। सह-आरा. ेपी गुलफिशा फातिमा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस के एक साथ मिलकर 'सत्ता बदलने' की साजिश के दावे पर सवाल उठाया था कि आरोप पत्र में ये आरोप नहीं हैं। यूएपीए के तहत मामला दर्ज किए गए सभी पांच आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ सितम्बर के उस आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें उन्हें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि 'विरोध के नाम पर हिंसा स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति नहीं है।' यह मामला 2020 में सीएए के विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पत्थरबाजी, आगजनी और झड़पें हुईं, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# वेनेजुएला मामले में चुप्पी पर की केंद्र की आलोचना

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी सरकार को शर्मनाक तथा अमेरिकी समर्थक करार दिया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वेनेजुएला घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के रुख की सोमवार को आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' तथा 'अमेरिकी समर्थक' करार दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया है और अमे. रिकी सैनिक उन्हें अमेरिका लेकर गए हैं। माकपा ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का त्याग करने का आरोप लगाया है। माकपा पोलित ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में सोमवार को कहा गया कि विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया (जिसमें केवल 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और बातचीत का आह्वान किया गया) भारत के पारंपरिक विदेश नीति सिद्धांतों से बहुत कमतर है। पार्टी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के घोर उल्लंघन के बारे में निंदा का एक भी शब्द नहीं कहा गया है। माकपा ने कहा है कि अमेरिका के कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने भी अमेरिकी कार्रवाई की खुले तौर पर आलोचना की है। अमेरिकी अभियान को 'खुला हमला' बताते हुए, वामपंथी पार्टी ने केंद्र सरकार पर एक ऐसा रुख अपनाने का आरोप लगाया जो 'कायरतापूर्ण और राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विपरीत' है। बयान में कहा गया है, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया भारत के ब्रिक्स के् साझेदारों जैसे ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा अपनाए गए रुख के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अमेरिकी आक्रामकता की स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से निंदा की है और राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की रिहाई की मांग की है। माकपा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की धीमी प्रतिक्रिया भाजपा सरकार के वैचारिक जुड़ाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक निकटता को दर्शाती है।

माकपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह अमेरिका समर्थक रुख मोदी सरकार की दक्षिणपंथी विचारधारा और ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक संबंधों के अनुरूप है। ऐसा रुख अपनाकर भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के हितों का प्रतिनिधित्व करने का कोई भी दावा छोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास में अभियान चलाकर राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिका और उसके बाहर भी तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं, कई देशों और समूहों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर नतीजों की चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय द्वारा सप्ताहांत में जारी भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया में अमे. रिका की निदा नहीं की गई, बल्कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संयम और बातचीत का आग्रह किया गया।

इस रुख की आलोचना न केवल माकपा बल्कि अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी की है और सवाल उठाया है कि क्या भारत अपनी पारंपरिक गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति से दूर जा रहा है। माकपा ने कहा कि माकपा मांग करती है कि मोदी सरकार इस शर्मनाक रुख को छोड़े और वेनेजुएला में अमेरिकी आक्रामकता और अवैध कृत्यों के खिलाफ खुलकर सामने आए। माकपा ने केंद्र सरकार से संप्रभुता, अहस्तक्षेप और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से बनाए रखने का आह्वान किया है।

CMYK

# आर्थिक तंगी के चलते की तीन हत्याएं, किया आत्मसमर्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोमवार को लक्ष्मी नगर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमे एक युवक ने ट्रिपल मर्डर को अंजाम दिया और खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया स आरोपी युवक ने अपनी मां,बहन और भाई की हत्या की है स फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लक्ष्मी नगर थाने में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जब एक युवक ने थाने में जाकर बताया कि उसने अपनी मां,बहन और भाई की हत्या कर दी है स जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसे घर में तीन शव पड़े हुए मिले, जिन्हे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है स मृतकों की पहचान मां कविता (46), बहन मेघना (24) और भाई मुकुल (14) के रूप में हुई है स जबकि इस वारदात को यशवीर (25) ने अंजाम दिया है स बताया जा रहा है यशवीर ने कोई जहरीला प्रदार्थ खिलाकर तीनो की हत्या की है स प्रारम्भिक जांच में इस वारदात का कारण आर्थिक तंगी बताई जा बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 5 बजे एक घटना की सूचना मिली, जिसमें मंगल बाजार निवासी यशवीर सिंह लक्ष्मी नगर पुलिस स्टेशन पहुंचा और पुलिस को सूचित किया कि आर्थिक तंगी के कारण उसने कथित तौर पर अपने परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी है। उसने बताया कि मृतकों में उसकी मां कविता (46 वर्ष), बहन मेघना (24 वर्ष) और भाई मुकुल (14 वर्ष) शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत बताए गए पते पर पहुंचे। जांच करने पर मां, बहन और भाई के शव घर के अंदर मिले। सभी तथ्यों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

## शराब तस्करों का पीछा कर 250 पेटी शराब जब्त

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेरी थाना क्षेत्र स्थित रोहिणी सेक्टर-28 में आबकारी विभाग की टीम ने फिल्मी स्टाइल में शराब तस्करों को पकड़ने की कोशिश की। दो गाड़ियों में अवैध शराब भरकर हरियाणा से दिल्ली लाई गई थी। टीम ने आरोपितों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने स्पीड बढ़ा दी। आबकारी विभाग ने चार गाड़ियों से आरोपितों को पीछा किया।

## दिल्ली बार काउंसिल का चुनाव लड़ने वाले दिव्यांग उम्मीदवारों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली बार काउंसिल (डीबीसी) चुनाव में शारीरिक रूप से विकलांग वकीलों को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को दिल्ली बार काउंसिल के चुनाव लड़ने के लिए शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों की नामांकन फीस को 1.25 लाख रुपए से घटाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। कोर्ट के फैसले को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह मामला वकील पंकज सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। पंकज सिन्हा स्वयं दृष्टिहीन हैं और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दो प्रमुख मांगें रखी थीं। पहली मांग यह थी कि दिल्ली बार काउंसिल के चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की फीस ज्यादा है, जिसे शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए कम किया जाना चाहिए। वहीं, दूसरी मांग में उन्होंने दिल्ली बार काउंसिल में शारीरिक रूप से विकलांग वकीलों के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की अपील की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को याचिकाकर्ता की पहली मांग को स्वीकार कर लिया और नामांकन शुल्क को घटाकर 15 हजार रुपए करने का फैसला लिया। हालांकि, याचिकाकर्ता की दूसरी मांग, यानी दिल्ली बार काउंसिल में शारीरिक रूप से विकलांग वकीलों को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। इस विषय पर आगे विस्तृत बहस की जाएगी और सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत कोई फैसला लेगी।

# बकाया लोन के चलते किया था अपहरण मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर- पश्चिम जिला पुलिस के आदर्श नगर थाने की टीम ने अपहरण का मामला सुलझा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने पीड़ित द्वारा लिए गए बकाया लोन के कारण अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपहरण किया था। पुलिस द्वारा व्यक्ति का पता लगाकर बचाया लिया गया है।

दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को आदर्श नगर थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि आजादपुर मंडी के पास एक कार में कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है। इस बीच, 29 दिसंबर को, शिकायतकर्ता आदर्श नगर थाने आया और बताया कि उसके दोस्त का 27 दिसंबर को लगभग 07:30 बजे पंचवटी, आजादपुर मंडी के पास एक कार में अपहरण कर लिया गया था। उसने आगे बताया कि एक आरोपी, राजाराम, पीड़ित की रिहाई के लिए पैसे मांग रहा था।इस संबंध में आदर्श नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी जहांगीरपुरी योगेंद्र खोखर की देखरेख में एसएचओ आदर्श नगर लव अत्रे के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिससे पता चला कि 27 दिसंबर को, पीड़ित गुड्डू सरोज को आजादपुर मंडी के सामने, पंचवटी के पास दो आरोपियों ने जबरन एक कार में किडनैप कर लिया था। गाड़ी की पहचान मारुति स्विफ्ट डिजायर के रूप में हुई, जिसका रजिस्ट्रेशन रामदास हरिश्चंद्र हरेर के नाम पर रजिस्टर्ड थी।टेक्निकल सर्विलांस की मदद से, पुलिस टीम महाराष्ट्र के जालना पहुंची, और 3 महाराष्ट्र के जालना जिले के घनसावंगी थाना क्षेत्र के पानेवाड़ी में एक दूरदराज के इलाके और खेतों से पीड़ित गुड्डू सरोज को बरामद कर लिया इसी ऑपरेशन के दौरान, एक आरोपी, ज्ञानेश्वर चव्हाण (40) को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ज्ञानेश्वर चव्हाण ने अपहरण के मामले में अपने दो अन्य साथियों, राजाराम (आरोपी ज्ञानेश्वर चव्हाण का सगा भाई) और अंबड के सोमनाथ उदादंगे के साथ अपनी संलिप्तता कबूल की, जिन्होंने अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ी का इंतजाम किया और उसे चलाया था। पता चला कि वह गाड़ी आरोपी सोमनाथ उदादंगे के ससुर रामदास हरिश्चंद्र हरेर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। आरोपी ने आगे बताया कि यह अपराध पीड़ित द्वारा लिए गए बकाया लोन की वजह से किया गया था, जिसके लिए वे उसे किडनैप करके पैसे वसूलना चाहते थे। इस मामले में शामिल बाकी आरोपियों को ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

## ब्रेक व टायर के घर्षण से 27000 टन अनदेखा वायु प्रदूषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की बहस अब तक पराली, उद्योग और वाहनों के एग्जॉस्ट तक सीमित रही है। लेकिन इसी संकट के भीतर एक ऐसा प्रदूषण स्रोत लगातार बढ़ता जा रहा है, जो न तो धुएं के रूप में दिखता है और न ही पारंपरिक उत्सर्जन मानकों में पूरी तरह दर्ज होता है। यह है वाहनों के टायरों और ब्रेक का घर्षण, जिसे वैज्ञानिक भाषा में नॉन-एग्जॉस्ट एमिशन कहा जाता है। करीब 2,500 वर्ग किलोमीटर में फैले दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली और कौशांबी के इस एकीकृत शहरी क्षेत्र में करोड़ों वाहनों की आवाजाही के साथ यह प्रदूषण अब हवा, सड़क की धूल मानव शरीर तीनों में गहराई से प्रवेश कर रहा है।

जब कोई वाहन सड़क पर चलता है, ब्रेक लगाता है, मोड़ काटता है या ट्रैफिक जाम में रुक-रुक कर आगे बढ़ता है, तो उसके टायरों की सतह धीरे-धीरे घिसती है। यह घिसाव बेहद सूक्ष्म कणों के रूप में बाहर निकलता है, जो हवा में उड़ जाते हैं या सड़क की धूल में मिल जाते हैं। इसी प्रक्रिया में ब्रेक पैड से भी महीन कण निकलते हैं। ये कण पीएम 10, पीएम 2.5, माइक्रोप्लास्टिक, सिंथेटिक रबर और जिंक जैसी भारी धातुओं से बने होते हैं। चूंकि यह प्रदूषण एग्जॉस्ट पाइप से नहीं निकलता, इसलिए लंबे समय तक इसे नीतिगत निगरानी से बाहर रखा गया। एनसीआर में अनुमानित 1.6 से 1.8 करोड़ पंजीकृत वाहन हैं और प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन 6400 से 7200 वाहन मौजूद हैं। इतनी अधिक वाहन घनत्व वाली जगहों पर टायर और ब्रेक घिसाव का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

# दिल्ली यातायात पुलिस मना रही सड़क सुरक्षा माह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातयात पुलिस 1 जनवरी से 31 जनवरी तक दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा माह- 2026 मना रही है। इस महीने भर की पहल का उद्देश्य सड़क अनुशासन को बढ़ावा देना, यातायात जागरूकता बढ़ाना और सभी प्रकार के सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच जिम्मेदार सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) सत्य वीर कटारा ने बताया कि यातयात पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने शहर भर में चल रहे अभियान के हिस्से के रूप में प्रमुख और अधिक यातायात वाले स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों और विशेष अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की। इन पहलों का ध्यान यात्रियों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और कीमती जान बचाने के लिए सड़कों पर आपसी सम्मान के महत्व के बारे में जागरूक करने पर है।

इस अभियान की अवधि के दौरान, शक्ति नगर चौक, मोती नगर, सरदार पटेल मार्ग, मदरसा चौक (अर्. बंदो मार्ग), उत्तम नगर रेड लाइट, मधुबन चौक, करकरी मोड़ रेड लाइट, टेल्को टी-पॉइंट, बुराड़ी चौक, कौटिल्य मार्ग और 11 मूर्ति सहित प्रमुख चौराहों पर 11 विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए गए।



**दिल्ली यातायात पुलिस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जागरुकता अभियान चलाते हुए।**

# आईआईटी दिल्ली में संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिन्दू एकेडमिशियन (डब्लूएएचए) के तत्वावधान में "हिंदुत्व की शाश्वत प्रासंगिकता" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 300 से अधिक प्रोफेसरों एवं शिक्षाविदों ने सहभागिता की।

इस संगोष्ठी का विहिप क्षेत्रीय संगठन मंत्री नीरज दनौरिया समेत गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों के साथ विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए डब्लू ए एच ए के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. नचिकेत तिवारी ने कहा कि हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति को लेकर समाज में अनेक भ्रांतियाँ फैली हुई हैं। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत को विश्वगुरु बनना है, तो उसे हिंदुत्व के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ना होगा। संगोष्ठी का प्रथम सत्र "सामाजिक समरसता: हिंदू जीवन शैली का सार" विषय पर केंद्रित रहा। इस सत्र में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए बंधुत्व और एकात्मता की भावना आवश्यक है, जिसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ने निरंतर संघर्ष किया। हिंदुत्व के मूल में सामाजिक एकत्व निहित है, जो भारतीय राष्ट्रीय एकता के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर डॉ. के. जी. सुरेश ने कहा कि सामा. जिक समरसता एक सतत प्रक्रिया है और भारत इस दिशा में सही मार्ग पर अग्रसर है।



# नए साल का जश्न मनाने के लिए की रॉबरी, एक धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के करोल बाग थाने की टीम ने रॉबरी का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई रकम का कुछ हिस्सा (3,000/- रुपये),अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी और पहने गए कपड़े बरामद किए है।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि 01.जनवरी को करोल बाग थाने में रॉबरी की घटना की सूचना मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात लगभग 10:45 बजे, वह , करोल बाग के पास अपनी कार, में बैठा था।उसी समय, दो अज्ञात व्यक्ति एक स्कूटी पर मौके पर आए और आरोपियों में से एक,ने पैसे मांगे और जब शिकायतकर्ता ने मना किया तो वह आक्रामक हो गया। उसने शिकायतकर्ता को कार से बाहर खींचा और अपने साथी, को मदद के लिए इशारा किया। पहले आरोपी ने शिकायत कर्ता को चाकू से धमकाया, डैशबोर्ड से जबरन 10,000/- रुपये ले लिए, और दोनों आरोपियों ने मिलकर शिकायतकर्ता का रास्ता रोक दिया और पत्थर फेंककर गाड़ी को नुकसान पहुंचाया, जिससे उसकी खिड़कियां टूट गई।उपरोक्त शिकायत के आधार पर,करोल बाग थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी करोलबाग की देखरेख में एसएचओ करोलबाग के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

## एक नजर

### लालू यादव की आईआरसीटीसी घोटाला अपील पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी। लालू यादव ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में उनके साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव और 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय करने के निर्णय को चुनौती दी है।

### 32वें नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म अवार्ड्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** 32वें नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म अवार्ड्स की घोषणा करते हुए समारोह समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने बताया कि पहली बार वर्ष 2025 में प्रदर्शित हिंदी फिल्मों में किसी एक फिल्म को नहीं बल्कि इस बार पहली बार अलग अलग श्रेणियो में पांच फिल्मों का चयन किया गया है। इससे सृजनात्मक उर्जा को अधिकतम सम्मान मिल सकेगा। आटिज्म से पीड़ित एक महिला की मर्मस्पर्शी कहानी और उसकी जीजिविषा से भरपूर हिंदी फिल्म तन्वी द ग्रेट को प्रेरक सामा. जिक फिल्म की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री शुभांगी दत्त , सर्वश्रेष्ठ निर्माता निर्देशक अभिनेता अनुपम खेर। सर्वाधिक लोकप्रिय रोमांटिक फिल्म की श्रेणी में यशराज फिल्म्स की सैयारा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक मोहित सूरी, सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता अहान पांडे, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री अनीत पड्डा ओर सर्वश्रेष्ठ निर्माण यशराज फिल्म्स का चुनाव किया गया है। सफल ऐतिहासिक ड्रामा श्रेणी में फिल्म छावा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, विक्की कौशल सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड दिया जाएगा।

### पीपीएल इंडिया को राहत

**नई दिल्ली।** फॉनोग्राफिक परफॉरमेंस लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत मिली है। "फॉनोग्राफिक परफॉरमेंस लिमिटेड बनाम स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड" मामले में कोर्ट ने अंतरिम निषेधाज्ञा जारी करते हुए स्टार हेल्थ को बिना वैध अनुमति के पीपीएल इंडिया की साउंड रिकॉर्डिंग्स के किसी भी सार्वजनिक प्रदर्शन या संप्रेषण से रोका है। दिसंबर 2025 में अपने हालिया आदेश में अदालत ने माना कि स्टार हेल्थ ने अपने पूर्व आयोजनों के लिए पीपीएल इंडिया से सार्वजनिक प्रदर्शन लाइसेंस प्राप्त किया था, जो स्वयं भारतीय कॉपीराइट अधिनियम के तहत पीपीएल इंडिया के विशेषाधिकारों की स्वीकारोक्ति है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी विशेष आयोजन के लिए नया लाइसेंस न लेना उक्त अधिनियम के तहत कॉपीराइट उल्लंघन की श्रेणी में आएगा।

### अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किए

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए SET 2026 (सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट) और (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम) के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू दिए हैं। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। SET और SITEEE दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके जरिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है।

### आर्कीटेक्चर कैरियर को दे रहे नया आयाम

**नई दिल्ली।** कृषि, इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र में पेशेवरों की अपस्किलिंग पर ध्यान केंद्रित करने वाले अग्रणी ऐडटेक प्लेटफॉर्म नोवेटर ने अपने आर्कीटेक्चर प्रोग्राम के लिए करियर सक्सेस रिपोर्ट 2024-25 जारी की है। यह रिपोर्ट करियर में प्रगति, इंडस्ट्री अडॉप्शन और विश्वस्तरीय रोजगार क्षमता में सतत परिणामों को दर्शाती है तथा आर्कीटेक्ट्स को उच्च प्रभाव वाली डिजिटल भूमिकाओं में जाने तथा भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कौशल की कमी को दूर करने में नोवेटर की भूमिका पर भी रोशनी डालती है।

उद्योग जगत बीआईएम-उन्मुख, टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रोजेक्ट डिलीवरी की ओर रूख कर रहा है, इस बीच पिछले दो सालों के दौरान नोवेटर ने आर्कीटेक्ट्स एवं एईसी पेशेवरों की बढ़ती कम्युनिटी को सहयोग प्रदान किया है। प्लेटफॉर्म का मिशन एकदम स्पष्ट है: संरचित, व्यवहारिक लर्निंग के माध्यम से अकादमिक क्षमता को उद्योग जगत के अनुकूल कौशल में बदलना तथा प्रोजेक्ट्स की वास्तविक जरूरत के अनुसार करियर में सहयोग प्रदान करना।

## दिल को स्वस्थ रखने का दिया मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नए साल में दिल का ख्याल रखने के लिए स्वस्थ और संतुलित आहार लें (फल, सब्जियां, साबुत अनाज), नियमित व्यायाम करें (रोज 30 मिनट), तनाव कम करें (योग, ध्यान), धूम्रपान छोड़ें, भरपूर पानी पिएं, और वजन नियंत्रित रखें, साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं ताकि रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और शुगर सही रहे, क्योंकि ये सभी उपाय हृदय को स्वस्थ और मजबूत बनाते हैं।

नव वर्ष के मौके पर हृदय के प्रति जागरूक करते हुए कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के डायरेक्टर एवं दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने कहा कि नए साल पर संकल्प लें कि दिल की सेहत के लिए ज्यादा फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालें खाएंगे। कम वसा, कम नमक और कम चीनी वाला भोजन चुनें। ओमेगा-3 फैटी एसिड (मछली) को डाइट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही रोजाना कम से कम 30 मिनट तेज चलेंगे और कोई शारीरिक गतिविधि करेंगे। मेडिटेशन, योग या प्रकृति में समय बिताने से तनाव कम करने के साथ धूम्रपान और तंबाकू से पूरी तरह से परहेज करेंगे ।

# क्षितिज कार्निवल के दौरान दिल्ली का दिल गीत का प्रमोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मिठीबाई कॉलेज के प्रमुख अंतर महाविद्यालयीन सांस्क्तिक महोतसव क्षितिज 25 ने क्षितिज कार्निवल के दौरान गीत दिल्ली का दिलष के लिए एक जीवंत एवं ऊर्जावान प्रमोशनल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कायक्रम में कलाकार अवीरा सिंह एवं प्रदीप नागर ने अपनी प्रभावशाली उपास्थिाति और देसी अंदाज से मंच को जीवंत कर दिया जिससे पूरा कार्निवल संगीत और उत्साह के उत्सव में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षितिज 25 और क्शितिज कार्निवल की भावना के पारिचय से हई. जिसमें यह रेखांकित किया गया कि क्शितिज केवल प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं है. बल्कि युवाओं के लिए संवाद सहभागिता और अनभवात्मक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसने ऐसे आयोजन की नींव रखी. जिसमें संगीत. संवाद और युवा ऊर्जा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। जैसे ही अवीरा सिंह और प्रदीप नागर मंच पर आए. दर्शकों ने जोरदार तालियों और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। दोनों कलाकारों ने दर्शकों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया. गीत के निर्माण से जडे रोचक अनुभव साझा किए और छात्रों के साथ खलकर बातचीत की। दिल्ली का दिल की धुनों पर पूरा कार्निवल झूम उठा, जहाँ छात्र गीत के साथ गुनगुनाते ओर कलाकारां की ऊजा से जुड़ते नजर आए। कार्यक्रम का संवादात्मक सत्र शाम का प्रमुख आकर्षण रहाध्. जिसमें कलाकारों और दर्शकों के बीच सहज एवंजीवंत जुड़ाव देखने को मिला।



उनकी सशक्त मंच उपास्थिाति और सच्ची सहभागिता ने इस गीत प्रमोशन कोकेवल एक प्रस्तृति नहीं: बल्कि एक यादगार अनुभव बना दिया।मिथिबाई कॉलेज की प्राचार्या डॉ . कतिका बी. देसाई ने कहा 'इस प्रकार के आयोजन यह दर्शाते हैं कि संगीतऔर संस्काति किस प्रकार लोगों को एक साथ जोड सकते हैंद्य क्शितिज के माध्यम से छात्रों को रचनात्मक अभिव्यक्तियों से जुड़ते देखना अत्यंत प्रेरणादायक है।

## मिरांडा हाउस में बना डीयू का पहला पिंक बूथ: प्रो. योगेश सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस (उत्तरी जिला) ने डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज के साथ मिलकर पुलिस का पिंक बूथ स्थापित किया है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के विजन के हिसाब से महिलाओं की सुरक्षा, हिफाजत और सशक्तिकरण पर फोकस करने वाली एक खास जगह है।

उन्होंने कहा कि पिंक बूथ का मकसद एक सुरक्षित, आसानी से पहुँच वाला और मददगार माहौल प्रदान करना है जहाँ विद्यार्थी, शिक्षक और स्टाफ अपनी चिंताएँ बता सकें, मदद मांग सकें और समय पर सहायता प्राप्त कर सकें।

कुलपति ने बताया कि दिल्ली विश्व. विद्यालय के उत्तरी परिसर के मिरांडा हाउस में यह पहला पिंक बूथ बना है, जो कैंपस और कम्युनिटी की सुरक्षा के प्रति कमिटमेंट को और मजबूत करेगा।

# महंगाई के खिलाफ निकाली पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक समाज पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतबीर सिंह करौतिया की अगुवाई में और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बच्चन सिंह करैतिया के मार्ग दर्शन में निजीकरण, ठेकेदारी बेरोजगारी और आसमान छूती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक नंबर 31 गुरुद्वारा चौक त्रिलो. कपुरी से ब्लॉक नंबर एक त्रिलो. कपुरी तक पदयात्रा निकाली। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शाहनवाज अली, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष लालचंद डिगलिया, रामगा. पाल चौहान रामकिशोर, ओम प्रकाश, सुबोध कुमार करौटिया,पूर्वी जिला अध्यक्ष सतपाल,रानी दलजीत कौर,नानक चंद, दिल्ली प्रदेश सचिव शरीफ अहमद, गौरव,जगजीवन सूद रामस्वरूप, अशोक सेलेलाल, मुकेश सेलेलान, गौरव ,राजकुमारी देवी ओमवती देवी, मनीषा, रेखा, राजवीर सिंह लो. हारा ,योगेंद्र, रोहतास,दीपक बलबीर सिंह,हरवीर सिंह, भैया लाल सूरजभान, सरदार प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। इस मौके पर लोक लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा (एडवोकेट) गुरुद्वारा चौक पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा सत्ताधारी पार्टियों इस देश को संविधान के विपरीत चलकर सामंतवादी व्यवस्था कायम कर चुकी है।




# हत्या का मामला सुलझाया, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के अमन विहार थाने के स्टाफ ने 24 घंटे के अंदर हत्या का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 31 दिसंबर की रात करीब 2: 00 बजे एक व्यक्ति, जिसकी पहचान बाद में अविनाश (35) के रूप में हुई, अमन विहार थाने के इलाके में पड़ा हुआ था। उसे संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और बाद में उसके परिवार वालों ने उसे सफदरजंग हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया, जहाँ 03.जनवरी को उसे मृत घोषित कर दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण चाकू के घाव बताए गए। इसके बाद अमन विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू हुई।जांच के दौरान टीम ने मोबाइल क्राइम टीम और एफएसएल रोहिणी टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत इकट्ठा किए। इसके बाद टेक्निकल सर्विलांस और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर टीम ने पूठ कलां के रहने वाले आरोपी साहिल को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ करने पर उसने ऊपर बताए गए अपराध में अपनी संलिप्तता और सह-साजिशकर्ता हर्ष / नोनी के बारे में बताया, जिसे भी पकड़ लिया गया है।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 12752/21.12.2018 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम फिज्जा बतूल है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हसीन अब्बास**
**निवासी-मुस्सा बिलासपुर**

## सार्वजनिक सूचना

मैं Sanjeev Thomas S/o Mr. Aruther Thomas R/o म.न. 2203 क्लाउड 9 अपार्टमेंट, सेक्टर-1 वैशाली 201010, घोषणा करता हूं कि पहले मेरा नाम Sanjiv Kumar Thomas था। अब मैंने अपना नाम बदल कर Sanjeev Thomas रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों व पर्यायों हेतु मुझे Sanjeev Thomas के नाम से जाना जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में ऑड सेमेस्टर की इंड सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ऑड सेमेस्टर की इंड सेमेस्टर परीक्षाओं का शुभारंभ विश्व. विद्यालय के स्वीकृत शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सुव्यवस्थित, सुचारु एवं अनुशासित ढंग से किया गया। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप विश्वविद्यालय परिसर में सुनियोजित एवं समन्वित व्यवस्थाओं के साथ प्रारंभ हुआ। परीक्षा अवधि के दौरान परिसर में एक सकारात्मक, शांत एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण देखने को मिला, जहाँ छात्र पूर्ण आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ परीक्षाओं में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो–चांसलर नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा प्रो–वाइस चां. सलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान कीं तथा उन्हें अनुशासन, ईमानदारी एवं शैक्षणिक निष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ–जैसे सीटिंग प्लान, परीक्षा समय सारिणी, निरीक्षण (इनविजिलेशन) एवं प्रशासनिक समन्वय–पूर्व नियोजित एवं प्रभावी रूप से लागू की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी निर्धारित दिशानिर्देशों एवं प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता–प्रधान अकादमिक व्यवस्था के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

परीक्षाओं का निर्बाध संचालन विश्वविद्यालय की मजबूत अकादमिक प्रणाली एवं छात्र–केंद्रित दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी सभी विद्यार्थियों के सफल परिणामों की कामना करती है तथा एक अनुशासित, सहयोगी एवं उत्कृष्टता–प्रेरित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को पुनः दोहराती है।

## एक नजर

### कोर्ट का फैसला: धोखाधड़ी करके कंपनी को हड़पने का प्रयास विफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** माननीय न्यायलय ने मुकदमा संख्या–DAe/ 928/09–24 के तहत अपना फैसल सुनाया। जिसमें डायरेक्टर सोनी कुमारी की जीत हुई और उसे कंपनी चलाने का और कंपनी के लोगों (कंपनी का मानक प्रतीक चिंन्ह) उपयोग करते हुए कंपनी के सारी पूर्व साख उपयोग करने का अधिकार मिला है। इस दौरान वादी सीमा घई को बतौर जुर्माना 60 लाख का मुआवजा सुनाया गया जो वे सोनी कुमारी को कंपनी डैमेज चार्ज के तौर पर 50 लाख व कानूनी खर्च 10 लाख देगी। ज्ञात हो कि सीमा घई अपने पति दिनेश घई, पुत्र वरुण घई और कर्मचारी सुमीत सुड़ी (जो की न्द्धै नाम से कंपनी चलाते है ने मिलकर फर्जी तरीके से प्ैक्ब (सर्विन डीवीजन) नामक कंपनी को जबरन हड़पना चाहते थे। साथ ही हमेशा असमाजिक तत्व भेजकर और फोन से सोनी कुमारी और कर्मचारी को धमकाते थे। तंग आकर सोनी कुमारी ने कोर्ट में अर्जी लगाई जिस पर माननीय न्यायालय ने इन्हें न्याय दिलाया।

## फरवरी से गृहकर जमा नहीं करने वालों पर सख्ती होगी

■ **विभाग करदाताओं से गृहकर जमा करने की अपील कर रहा है।**

**गाजियाबाद।** नगर निगम गृहकर जमा न करने वालों पर फरवरी से सख्ती करेगा। फरवरी से बड़े बकायेदारों की संपत्ति सील की जाएगी। विभाग करदाताओं से गृहकर जमा करने की अपील कर रहा है। गृहकर जमा करने पर निगम अभी 20 फीसदी छूट दे रहा है। यह छूट इस माह खत्म हो जाएगी।

इसके बाद करदाताओं को 10 फीसदी छूट दी जाएगी। इसके अलावा निगम फरवरी से गृहकर जमा नहीं करने वालों पर सख्ती करेगा। सबसे पहले बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई होगी। व्यावसायिक संपत्ति सील की जाएगी। कविनगर, सिटी जोन, विजयनगर, मोहननगर और वसुंधरा जोन के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कराई जा रही है। जोनल कार्यालय से सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय ने बताया गृहकर जमा नहीं करने वालों पर फरवरी से अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने करदाताओं से गृहकर जमा करने की अपील की है। साथ ही 20 फीसदी छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

# हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के बिलारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमरपुरक. ाशी गांव में सोमवार को विद्युत हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे से गांव में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक गांव के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर कार्य कर रहा था, तभी अचानक लाइन में विद्युत सप्लाई दौड़ गई। तेज धमाके के साथ वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर पड़ा।करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई।



आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बचाने का प्रयास किया। इसके बाद बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई गई और घायल युवक को तत्काल बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।सीएचसी में चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो लाइन का पूर्ण शटडाउन किया गया था और न ही सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस युवक की पहचान और उसके कार्य से जुड़ी जानकारी जुटा रही है। घटना ने एक बार फिर हाईटेंशन लाइनों पर काम के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर कर दिया है।

## अंकिता भंडारी के दोषियों को सजा मिलने तक करेंगे प्रदर्शन: जगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंकिता भंडारी जिसकी कुछ तथाकथित बलात्कारियो ने निर्मम हत्या कर दी थी साथ ही उस रिजॉर्ट के कमरे को जिसमे ये हत्या हुई सबूतों को मिटाने के लिए आपके हवाले कर दिया था लेकिन जनता इस घटना के खुलासा करने के लिए दबाव बना रही है। आज जब वर्षों बाद सत्तापक्ष के पुर्व विधायक की पत्नी द्वारा इस हत्याकांड में ट.प्. चलोगो के नाम सामने आ रहे हैं तो उत्तराखंड सरकार मूक दर्शक बनी हुई है और मामले की लीपापोती में लगी है। कल रविवार देश की राजधानी दिल्ली: के जंतर–मंतर पर भू––कानून संघर्ष समिति दिल्ली: एन सी आर द्वारा आयोजित अंकिता भंडारी के इंसाफ के लिए ब्ठप् जाँच ओर उत्तराखंड के बुद्धिजीवियों की एक टीम ने पहुंच कर अंकित भंडारी के लिए इंसाफ की मांग की इन लोगों का कहना था कि जब तक अंकिता भंडारी के दोषी फांसी पर नहीं चढ़ जाते तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा गाजियाबाद के साहिबा. बाद निवासी वरिष्ठ समाजसेवी जगत सिंह बिष्ट ने कहा कि जितने भी सामाजिक संगठन तथा राजनीतिक पार्टियों के लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं उनका वह तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

## सीए परीक्षा के फाइनल पेपर में 99% अभ्यर्थी रहे उपस्थित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में आज सी ए परीक्षा फाइनल के प्रथम पेपर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति 99% प्रतिशत रही परीक्षा छूटने के बाद बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया अपने शहर में प्रथम बार आयोजित हो रही परीक्षा में काफी सहज महसूस किया।

समय और पैसे की भी बचत हुई पेपर आसान था लेकिन लंबा था उम्मीद है कि जल्दी से सी ए बनकर हम अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर मोदीनगर निवासी व सी ए गाजियाबाद संगठन के चेयरमैन नितिन गुप्ता व सी ए संयम गोयल मौजूद रहे जिनके अथक प्रयासों से मोदीनगर परीक्षा केंद्र बना है केंद्र व्यवस्थापक डॉ अरुण त्यागी ने बताया सभी विद्यार्थी बहुत ही अनुशासन प्रिय दिखे परीक्षा को संपन्न कराने में सहायक केंद्र व्यवस्थापक भारत भूषण अविनाश त्यागी अतुल शर्मा मो. निका त्यागी संगीता शुक्ला व सत्येंद्र कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## वसुंधरा और संजयनगर की हवा सबसे खराब

■ **लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी बढ़ रही है।**

**साहिबाबाद।** जिले के अन्य इलाकों में जहां हवा धीरे–धीरे साफ हो रही है, वहीं वसुंधरा और संजय नगर की हवा जहरीली होती जा रही है। रविवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 298 दर्ज हुआ, लेकिन वसुंधरा में 353 और संजय नगर में 301 एक्यूआई पहुंच गया। लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी बढ़ रही है।

प्रदूषण रोकने में विभागीय सख्तियों का असर कम होता दिखाई दे रहा है। शनिवार के मुकाबले रविवार को जिले के एक्यूआई में बढ़ोत्तरी मापी गई। हालांकि गाजियाबाद ओरेंज जोन में रहा। लोनी के एक्यूआई में रविवार को गिरावट आई और 284 दर्ज हुआ।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए लगातार छिड़काव कराया जा रहा है। सभी फैक्टरी संचालकों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। खुले में कूड़ा व अन्य सामान जलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## अशोक श्रीवास्तव बने नए एआरटीओ प्रशासन

**गाजियाबाद।** एआरटीओ मनोज कुमार सिंह प्रोन्नत करके सहारनपुर में आरटीओ प्रवर्तन भेजा गया है। उनके स्थान पर अशोक कुमार श्रीवास्तव को एआरटीओ प्रशासन तैनात किया गया है। अशोक श्रीवास्तव ने सोमवार को अपना कार्य भार ग्रहण कर लिया।

इसके अलावा गाजियाबाद के मोटर वाहन निरीक्षक विपिन कुमार को शासन ने प्रोन्नत कर एआरटीओ प्रवर्तन बागपत नियुक्त किया है। सोमवार को प्रोन्नति पर विभागीय अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को बुके देकर शुभकामनाएं दी।

## कार को क्षतिग्रस्त करने में पड़ोसी पर केस

**गाजियाबाद।** शास्त्रीनगर में एक परिवार की गाड़ी को बार–बार नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी की रंजिश भरी हरकतों से उसकी कार को लंबे समय से निशाना बनाया जा रहा था। कविनगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शास्त्रीनगर जे–ब्लॉक में रहने वाले द्वारकाधीश वशिष्ठ ने पुलिस को बताया कि वह जुलाई 2025 से अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। यहां आने के बाद से ही उनकी गाड़ी के साथ लगातार छेड़छाड़ हो रही थी। कभी टायरों में नुकीली कील डालकर पंचर कर दिया जाता, तो कभी किसी हथियार से कार पर लंबी–लंबी खरोंचें मार दी जाती थीं।

एक अगस्त 2025 को उनकी कार के बोनट और साइड में केमिकल व तेजाब तक डाल दिया गया, जिससे वाहन को गंभीर क्षति पहुंची। आरोप है कि 27 सितंबर 2025 को जब कार घर के गेट पर खड़ी थी, तभी पड़ोसी कृष्ण गोपाल ने नुकसान पहुंचाने की नीयत से नुकीली चीज से कार के एक तरफ और पिछले टायर के ऊपर गहरी खरोंच मार दी। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पीड़ित का कहना है कि इन घटनाओं से अब तक लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हो चुका है और उनका परिवार भय व असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। शिकायत देने पर पुलिस ने सिर्फ एनसीआर दर्ज की थी, लेकिन बाद में कोर्ट के आदेश पर इसे गंभीर मानते हुए मुक. दमा दर्ज किया गया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि आरोपी पड़ोसी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## बाइक के साइलेंसर से धमाका करने के विरोध पर आरोपियों ने की मारपीट

**मोदीनगर।** नगर की आकाश विहार कॉलोनी में शनिवार रात बाइक की साइलेंसर से धमाके का विरोध पर आरोपियों ने जमकर मारपीट की और पिस्टल लहराकर दहशत फैलाई। भीड़ ने चार आरोपियों को पिस्टल समेत पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर पिस्टल जब्त कर ली और बाइक व कार सीज कर दिया।

आकाश विहार कॉलोनी निवासी शिवकुमार त्यागी के अनुसार शनिवार रात करीब 10. 30 बजे कॉलोनी निवासी युवक आर्यन बुलेट बाइक से जोरदार धमाका कर दहशत फैला रहा था। शिवकुमार ने आर्यन को धमाके करने से रोका तो इससे वह आग बबूला हो गया और गाली–गलौज करने लगा।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचा आरोपी युवक का चाचा आक. ाश कुमार भी उन्हें धमकाने लगा। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि आर्यन ने कॉल कर अपने पिता सन्नी व अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया।

एसीपी मअमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के अनुसार दीपक निवासी गाजीपुर पूर्वी दिल्ली व सन्नी निवासी आकाश विहार व दो अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

## संपूर्ण समाधान दिवस: 164 शिकायतें में से दस का निस्तारण

**गाजियाबाद।** जनपद की तीनों तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान तीनों तहसील में 164 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से दस का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने निर्देश दिए किए संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए।

सदर तहसील में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान नायाब तहसीलदार, नगर निगम के अधिकारी, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, मोदीनगर तहसील में एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह और तहस. ीलदार रजत सिंह के सामने 82 शिकायतें आईं।

इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को भेज दीं। लोनी तहसील में एडीएम भू अर्जन अवनीश कुमार ने लोनी एसडीएम दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 56 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

## रैन बसेरे में शराब और असलहे पर पाबंदी, गाइड लाइन जारी

**साहिबाबाद।** कौशांबी डिपो के अस्थायी रैन बसेरे समेत शहर के सभी रैन बसेरों के लिए नगर निगम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। नगर निगम ने शहर के सभी रैन बसेरों में अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से बोर्ड लगाया है।

निगम के वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि सूचना बोर्ड में साफ तौर पर निर्देश अंकित किए गए हैं। रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की अवैध या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रैन बसेरों में शराब पीना, धूम्रपान करना, गुटखा खाना और पान थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही रैन बसेरे की दीवारों पर गंदगी फैलाना और जुआ व ताश खेलना भी प्रति. बंधित किया गया है। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि आश्रय स्थलों में किसी भी प्रकार की शादी–विवाह, पार्टी या सभा का आयोजन नहीं किया जा सकता।

सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी तरह का हथियार लेकर जाना भी मना है। किसी भी प्रकार की अश्लीलता या आपत्तिजनक गतिविधि मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## टक्कर के विरोध पर हत्या की दी धमकी, मामला दर्ज

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने कार में साइड से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हापुड़ रोड स्थित अंसल गार्डन में रहने वाले हेमंत सोनी का कहना है कि दो जनवरी की शाम करीब पौने छह बजे वह अवंतिका शास्त्रीनगर चौराहे से हरसांव की तरफ मुड़ रहे थे। इसी दौरान छोटे मालवाहक वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जब उन्होंने मालवाहक को रोकने का प्रयास किया तो आसपास लोग इकट्ठा हो गए। इसी दौरान आरोपी चालक ने न सिर्फ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। हेमंत सोनी के मुताबिक उन्होंने तत्परता दिखाते हुए वाहन की फोटो खींच ली और कविनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि शिकायत के आधार पर हत्या की धमकी का केस दर्ज कर आरा. ेपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।


**संबंध विच्छेद**

मैं, महमूद पुत्र मौ. हनीफ निवासी– ए– वन कॉलोनी वार्ड नं– 2, मुरादनगर थाना– मुरादनगर जिला– गाजियाबाद अपने पुत्र मो. सिन व पुत्रवधु समीना को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।



**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव**
**पी.सी.एस.-जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 482 / 2025**
**(कम्प्यूटर सं.- 508 / 2025)**

राहुल यादव पुत्र श्री रामे यादव, निवासी- भवन संख्या बी- 69, ब्लॉक बी, सैक्टर- 9, विजयनगर, गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद।

...... वादी

**बनाम**

1- अमरजीत पुत्र श्री मोहर सिंह आयु वयस्क, 2- सरजीत पुत्र श्री मोहर सिंह आयु व्यस्क, 3- रविन्द्र पुत्र श्री अमरजीत सिंह आयु व्यस्क, निवासीगण - भवन संख्या- पी-5/32, राजनगर सैक्टर- 5, गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद।

4- सोनिल कोहली पुत्र श्री मदन कोहली आयु व्यस्क निवासी एम-465, संजयनगर, सैक्टर-23, गाजियाबाद, तहसील व जिला- गाजियाबाद।

......प्रतिवादीगण

राहुल यादव पुत्र श्री रामे यादव ने अमरजीत आदि, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते स्थायी व्यादेश की डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 13.01.2026 को दिन में प्रात: 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद / आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा।

आज यह तारीख 03.12.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**


## खिलाड़ियों ने जीते राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कई पदक

**गाजियाबाद।** सहारनपुर के आंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक से तीन जनवरी तक आयोजित हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक झटके। इनमें से कई खिलाड़ी पूर्व में भी पदक जीत चुके हैं। ओरा स्पोर्ट्स क्लब के कोच सुमित शाक्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें 12 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं। इसमें पांच स्वर्ण,तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया तहसील का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील का घेराव किया कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील दिवस में पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

खंजरपुर से तिबडा रोड मोदीनगर निर्माण, हापुड रोड रेलवे फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की वजह से लगने वाले जाम और तिबडा रोड फाटक पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम आदि समस्याओं को लेकर तहसील में एसडीएम का घेराव किया।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य पंडित सुनील शर्मा ने कहा खंजरपुर गढी तिबडा रोड मार्ग की हालत पिछले कई साल से ज्यादा जर्जर स्थिति में है कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी आज तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है जिस कारण गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली हापुर रोड को आती है यह करीब 10 गांव का रास्ता है 10 गांव का गन्ना हापुड रोड से आता है जिस कारण जाम की समस्या बनी रहती है।

यदि यह मार्ग का निर्माण कर दिया जाए तो आमजन को और किसने को सुविधा भी होगी और शहर से जाम को भी मुक्ति मिलेगी राज चोपला फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण के कारण आए दिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है कई कई घंटे जाम लगा रहता है तहसील दिवस में अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, हरीश खुल्लर कल्पना सिंह भिखारी लाल कश्यप, विनोद गुप्ता , अभिनव शर्मा, जहूर अहमद, समसा बेगम, पंडित देवेंद्र शर्मा, अर्सलान अंसारी, मुकुल शर्मा, संजय शर्मा, अजीत सिंह मलिक, अनुज अग्रवाल, ब्रह्मपाल भारद्वाज, ओमवीर प्रधान जी दोसा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रदूषण के मुद्दे पर सदन में हंगामा, 'आप' के 4 विधायक निष्कासित

■ **चार महीने से दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे, बच्चों का दम घुट रहा है, बुजुर्गों की जान जा रही है: आतिशी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत में ही एलजी के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायकों ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण स्पीकर को कार्रवाई करनी पड़ी और विपक्ष के विधायकों को सदन से बाहर निकलवाना पड़ा। हंगामा करने के चलते आप विधायकों संजीव झा, कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह को अगले 3 दिन के लिए सदन कि कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया है।

विधानसभा को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी वायु प्रदूषण के मुद्दे पर भारतीय भाजपा सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है, और इसी के चलते सदन में आप के विधायक मास्क लगाकर पहुंचे। यह शीतकालीन सत्र 8 जनवरी तक चलेगा, हालांकि जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'महात्मा गांधी के सर्वोदय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय तथा बाबा. साहब अम्बेडकर के समता के सिद्धांतों के अनुरूप पिछले 10 महीनों में सरकार ने दिल्ली के सभी नागरिकों के कल्याण की दिशा में अनेक निर्णय लिए हैं। इस वर्ष सरकार ने 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। सरकार ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यवसायिक प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा, 'विधानसभा सत्र आज से शुरू हो रहा है, और मुझे बहुत खुशी है कि सरकार ने पिछले 10 महीनों में दिल्ली में बहुत काम किया है। कई पुरानी समस्याएं हैं जिनका सरकार सामना कर रही है, लेकिन मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में नतीजे दिखेंगे। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या है, यमुना नदी की सफाई की समस्या है, और सड़कों की समस्या है जिन्हें लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इन सभी चीजों में समय लगता है। सरकार तत्परता से काम कर रही है।

आम आदमी पार्टी ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष और आप नेता आतिशी ने कहा, 'दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे हैं, वे जहरीली हवा से मर रहे हैं, लेकिन भाजपा प्रदूषण के मुद्दे पर काम करना तो दूर बात करने को भी तैयार नहीं है। आज हमें विधानसभा से क्यों निकाला गया? क्योंकि हमने मास्क पहने थे। दिल्ली के लोग जहरीली हवा से मर रहे हैं, लेकिन भाजपा एक्यूआई मॉनिटर पर पानी डालने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। यह शर्मनाक है।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आप नेता आतिशी ने कहा, 'चार महीने से दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे, बच्चों का दम घुट रहा है, बुजुर्गों की जान जा रही है। एम्स जैसे अस्पताल कह रहे हैं कि दिल्ली में लोगों की जीना मुश्किल हो रहा है। लेकिन दिल्ली सरकार क्या कर रही है? एक्यूआई मॉनिटर्स को मैनिपुलेट कर रही है। ग्रैप सही तरीके नहीं लगा रही। आज दिल्ली वालों को सांस लेने के लिए ये मास्क पहनने पड़ रहे हैं। आज दिल्ली की जनता की आवाज बनकर भाजपा का भंडाफोड़ करने के लिए आप के सभी विधायक ये मास्क पहन कर आए हैं।

वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'विधानसभा के शीतकालीन सत्र का अभिनंदन करते हुए, मैं कहना चाहूंगी कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। विधानसभा का यह सत्र पॉलिसी और डिलीवरी के लिए बुलाया गया है, जहां महत्वपूर्ण चर्चाएं होती हैं। खासकर प्रदूषण जैसे मुद्दों पर, जिन पर सरकार ने सभी को चर्चा के लिए बुलाया है, सभी विधायकों को बहस में हिस्सा लेना चाहिए और दिल्ली को बेहतर समाधान देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसके हर पल का इस्तेमाल दिल्ली की भलाई के लिए करें।

## उमर खालिद की जमानत खारिज होने पर पिता बोले, 'मुझे कुछ नहीं कहना'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज किए जाने पर खालिद के पिता एस.क्यू.आर इलियास ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं बोलना है।

उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। इलियास ने कहा, "मुझे कुछ नहीं कहना है। फैसला आपके सामने है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने इस मामले में अन्य आरोपियों गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी।

# 2014 से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (सेंट्रल रेंज) की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2014 से फरार चल रहे घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचता आ रहा था।

क्राइम ब्रांच के सेंट्रल रेंज की टीम ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजबीर सिंह और पुलिस उपायुक्त (क्राइम) विक्रम सिंह के समग्र पर्यवेक्षण तथा इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में मिली पुख्ता गुप्त सूचना के आधार पर 2 जनवरी 2026 को आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुनियाद अली उर्फ बुनियाद, पुत्र जमीरुद्दीन, उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी पर वर्ष 2012 में थाना सागरपुर के तहत 60 लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप है। इस मामले में शिकायतकर्ता सुफिया खानम, पत्नी वली खान, निवासी जगदंबा विहार, पश्चिम सागरपुर ने की थी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त बुनैद अली के परि. जनों ने मकान का मुख्य द्वार नहीं खोला बार-बार प्रयास किए जाने के बावजूद मुख्य द्वार बंद रखा गया। तत्पश्चात थाना जामिया नगर एवं क्राइम ब्रांच, कमला मार्केट की पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए तथा लगभग आधे घंटे के बाद मुख्य द्वार खोलने में सफलता प्राप्त की। मुख्य द्वार खुलने के पश्चात मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त बुनैद अली को शौचालय के अंदर एक महिला के साथ छिपा हुआ था और टीम को बार बार गुमराह कर रहे थे की शौचालय मे महिला है हेड कांस्टेबल संजय के सूजबूझ द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली सरकार जनकल्याण के लिए काम कर रही : उपराज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने प्रशासन में मौजूद लोगों की निष्क्रियता और नकारात्मकता जैसी विरासत में मिली समस्याओं का सामना करने के बावजूद पिछले 10 महीने में जनकल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। उपराज्यपाल ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और यमुना नदी की सफाई को सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल बताया। सक्सेना ने कहा कि अपने 10 महीने के कार्यकाल के दौरान सरकार ने जन कल्याण के लिए कई कदम उठाए लेकिन प्रशासन में मौजूद लोगों की निष्क्रियता और नकारात्मकता उसकी ''सबसे बड़ी चुनौतियां'' रहीं। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने 6.72 लाख आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड जारी किए हैं जिनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2.62 लाख 'वय वंदना' कार्ड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे शहर में 383 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' संच. ालित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सड़क और फ्लाईओवर निर्माण सहित बुनियादी ढांचा विकास के लिए 28,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि नंद नगरी फ्लाईओवर का काम तय समय से पहले पूरा कर लिया गया और 'बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना के इस वर्ष मई तक पूरा होने की उम्मीद है।




**दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली विश्वविद्यालय में पुलिस बूथों का उद्घाटन करते दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा साथ में हैं डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह।**

# डीयू में पिंक बूथ व इंटीग्रेटेड पुलिस बूथ का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली विश्वविद्यालय में दो पुलिस बूथों का उद्घाटन हुआ। इस दौरान मिरांडा हाउस कॉलेज में पिंक बूथ और विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 पर इंटीग्रेटेड पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा (आईपीएस) मुख्य अतिथि रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने पुलिस बूथों का निरीक्षण भी किया। उसके पश्चात औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने अपने संबोधन में कहा कि हम मुसीबत की घड़ी की साथी हैं। जब भी किसी को कोई दिक्कत आती है तो प्रत्येक व्यक्ति सबसे पहले 100 नंबर या 102 पर काल करता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का मौरिस नगर थाना दिल्ली विशविद्यालय को ही प्रायोजित है। ये दो नए बूथ भी उसी की एक्सटेंशन हैं। उन्होंने पिंक बूथ को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि यह बूथ महिला पुलिस द्वारा प्रबंधित किया जाएगा, लेकिन इसकी सेवाएं सभी वर्गों के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने सक्रिय सहयोग के लिए दिल्ली विवि प्रशासन का आभार भी जातया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में इन दो पुलिस बूथों का निर्माण बहुत मायने रखता है। यह एक बहुत ही अच्छी शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि पिंक बूथ महिलाओं के लिए सुरक्षा, आत्मविश्वास, सशक्तिकरण, आत्म सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। कुलपति ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली विश्वविद्यालय के मोटो की चर्चा करते हुए कहा कि जब ये दो संस्थान एक साथ आते हैं तो एक शक्तिशाली साझेदारी विकसित होती है। कुलपति ने कहा कि क्या हम पुलिस के सहयोग के बिना कोई विश्वविद्यालय चला सकते हैं? नहीं, हमें पुलिस के सहयोग और सक्रिय अंत:क्षेप की जरूरत रहती ही है।

## रेबीज को अधिसूचित रोग घोषित करने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार महामारी रोग अधिनियम के तहत रेबीज को अधिसूचित रोग घोषित करने के संबंध में अधिसूचना जारी करने की तैयारी में है। इस अधिसूचना का मकसद बीमारी की प्रभावी निगरानी को मजबूत करना, रेबीज के मामलों की समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना और रेबीज को फैलने से रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्रवाई को सक्षम बनाना है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह कदम उठाया गया है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान, मेडिकल कॉलेज और व्यक्तिगत रूप से प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर इसके दायरे में होंगे। इंसानों में रेबीज के संदिग्ध के साथ ही संभावित और पुष्ट मामलों की सूचना तुरंत संबंधित स्वास्थ्य प्राधिकरण को देनी जरूरी होगी। रेबीज के लक्षण दिखने के बाद यह लगभग जानलेवा साबित होता है। लेकिन समय रहते सही इलाज से इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है।

रेबीज से जान बचाने और बीमारी को आगे फैलने से रोकने में शुरुआती रिपोर्टिंग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोगों को आसानी से उपचार मिल सके उसके लिए दिल्ली के 11 जिलों में स्थित 59 स्वास्थ्य संस्थानों में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि एंटी-रेबीज सीरम/रैबीज इम्यूनोग्लोब्युलिन दिल्ली के 33 चिह्नित स्वास्थ्य सुविधा एवं अस्पतालों में भी उपलब्ध है। दिल्ली सरकार से मिलने वाली यह सुविधाएं रेबीज की रोकथाम और स्वास्थ्य व्यवस्था में कारगर साबित होंगी।

# शिष्टाचार स्क्वाड ने जागरुकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं की सुरक्षा और निवारक पुलिसिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के शिष्टाचार स्क्वाड ने ज्यादा भीड़भाड़ वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और संवेदनशील जगहों पर महिलाओं पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अभियान चलाया है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट रूट को महत्वपूर्ण सुरक्षा क्षेत्र मानते हुए, शिष्टाचार स्क्वाड ने बस रूट नंबर 761 (उत्तम नगर से पैठ्ज),बस रूट नंबर 962 (कंझावला से केंद्रीय सचिवालय) और काली माता मंदिर बस स्टॉप पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत महिला यात्रियों, रोजाना यात्रा करने वालों और स्थानीय निवा. सियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों, स्थिति के प्रति



जागरूकता, सुरक्षित यात्रा के तरीकों और किसी भी तरह की उत्पीड़न, दुर्व्यवहार या संदिग्ध गतिविधि की समय पर रिपोर्ट करने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

इसके साथ साथ आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और महिलाओं पर केंद्रित पुलिसिंग पहलों का बड़े पैमाने पर प्रचार किया गया ताकि मदद तक आसान पहुँच सुनिश्चित हो सके।शिष्टाचार स्क्वाड ने महिलाओं और युवा लड़कियों के साथ सहायक, मिलनसार, सहानुभूतिपूर्ण तरीके से बातचीत की, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बारे में खुलकर बात करने को बढ़ावा मिला। झिझक तोड़ने, विश्वास बनाने और यह संद. ेश देने पर विशेष जोर दिया गया कि पुलिस सहायता तत्काल, सुलभ और भरोसेमंद है। आउटरीच प्रयासों को मजबूत करने के लिए, पहचाने गए बस रूट और आस-पास के संवे. दनशील स्थानों पर गहन पैदल और मोबाइल पेट्रोलिंग की गई। इससे पुलिस की उपस्थिति बढ़ी, असामा. जिक तत्वों के खिलाफ रोकथाम हुई, और पीक और ऑफ-पीक घंटों के दौरान यात्रा करने वाली महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

## जमानत नामंजूर किए जाने के बाद भी दूसरों के लिए उमर खालिद ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों की साजिश रचने के कथित आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने इन दोनों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने इस मामले में अपील दायर करने वाले पांच अन्य आरो. पियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को कुछ नियम-शर्तों के साथ जमानत दे दी है। उमर खालिद और शरजील के मामले में कोर्ट ने स्पष्ट किया वह जमानत के लिए हर शख्स के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत नामंजूर किए जाने के बाद उमर खालिद का पहला बयान सामने आया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, उमर खालिद ने अपनी साथी बानोज्योत्सना लाहिरी को बताया कि वह दूसरों को मिली जमानत से खुश हैं और राहत महसूस कर रहे, भले ही उन्हें खुद जमानत नहीं मिली है। बनोज्योत्सना ने एक एक्स पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि उमर ने उनसे कहा, 'मुझे बाकी लोगों के लिए बहुत खुशी है, जिन्हें जमानत मिल गई। इसके बाद जब बनोज्योत्सना ने कहा कि, मैं कल मुलाकात के लिए आऊंगी तो उमर ने कहा, 'बहुत बढ़िया, आ जाना। अब यही जिंदगी है। 2020 के दिल्ली दंगों का मामला मुख्य तौर पर फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए सां. प्रदायिक दंगों से जुड़ा है। ये दंगे नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के विरोध में चल रहे व्यापक प्रदर्शनों के दौरान भड़के थे। दिल्ली दंगे कई दिनों तक जारी रहे।

# दो स्नेचर को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के मंडावली थाने के स्टाफ ने कई मामलों में शामिल दो सक्रिय स्नैचरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी पैदल चलने वालों को निशाना बनाते थे।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धनिया ने बताया कि कड़ी पेट्रोलिंग और अपराध रोकथाम उपायों के तहत एसीपी मयूर विहार की देखरेख में इंस्पेक्टर नवीन राठी, ब्रावो/मंडावली के नेतृत्व में कांस्टेबल ईश्वर और सुमित दलाल की टीम को एरिया डोमिनेशन ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। इसी बीच 04.जनवरी को जब टीम अदिति पार्क के पास, मदर डेयरी रेड लाइट, नरवाना रोड के पास शाम की एरिया पेट्रोलिंग कर रही थी, तो उन्होंने एक व्यक्ति को शोर मचाते हुए और दो लड़कों का पीछा करते हुए देखा, जिसने आरोप लगाया कि उसका मोबाइल फोन अभी-अभी छीन लिया गया है। तत्परता, दिखाते हुए टीम ने तुरंत संदिग्धों का पीछा कर मंगलम रेड लाइट के पास दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उनकी पहचान अंकुश (28) और सोनू कुमार मांझी (25) के रूप में हुई। सरसरी तलाशी के दौरान, शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल बरामद किया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे जल्दी और आसानी से पैसे कमाने के लिए मोबाइल फोन छीनने का काम करते थे। दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और शाम के समय कम भीड़ वाली जगहों पर पैदल चलने वालों को निशाना बनाते थे।

## दिल्ली की हवा साफ करने में 'आप' का कोई योगदान नहीं: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि लाखों रुपये के इंडस्ट्रियल-ग्रेड मास्क पहने विपक्षी नेताओं को देखकर उनका पाखंड साफ पता चलता है। सिरसा ने कहा, ये वही लोग हैं जो 11 साल तक सत्ता में रहते हुए मंत्री जैसे अहम पदों पर थे, और आज उनके पास दिखाने के लिए सिर्फ अपनी पर्सनल हेल्थ का डर है, दिल्ली की हवा साफ करने में कोई योगदान नहीं। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि सच तो यह है कि उन्होंने कुछ नहीं किया और हम आने वाले दिनों में असेंबली में इसी बात का खुलासा करने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी नेता फोटो खिंचवाने में बिजी हैं।

# लक्ष्मी नगर इलाके में कपड़े उतारकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। हैरत की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। इस बर्बरता का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाशों की हैवानियत साफ दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव, शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। उसके पिता को भी जिम में नंगा कर पीटा गया। बदमाशों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट की।

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे भीड़ तमाशबीन बनी खड़ी रही और किसी ने भी पीड़ित बाप-बेटे को बचाने की जहमत नहीं उठाई। वीडियो में एक पुलिसकर्मी पीड़ित को उसकी पैंट लाकर देता दिख रहा है। पुलिस के सामने भी बदमाशों का यह दुस्साहस चिंताजनक है।

## देरी से चलने वाली ट्रेनों की संख्या में कमी आई

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी की ट्रेनों की चाल में कुछ सुधार, लेकिन लोकल यात्रियों की परेशानी बरकरार है। पिछले दिनों की तुलना में सोमवार सुबह देरी से चलने वाली ट्रेनों की संख्या में कमी आई है। पिछले दिनों 50 से अधिक ट्रेनें दो घंटे से अधिक विलंब से चल रही थीं। सोमवार सुबह लगभग 20 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। देरी से दिल्ली पहुचंने के कारण जबलपुर सुपरफास्ट साढ़े सात घंटे और दरभंगा हमसफर विशेष ढाई घंटे और हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से रवाना होगी। वहीं, कई लोकल ट्रेनें 15 मिनट से लेकर दो घंटे के विलंब से चल रही है।

# एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक बार फिर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के कई इलाके ऑरेंज जोन में पहुंच गए हैं, जबकि कई स्थानों पर एक्यूआई रेड जोन के करीब या रेड जोन में बना हुआ है।

प्रदूषण के साथ-साथ ठिठुरन भरी सर्दी और कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और सुबह-शाम कोहरे का असर साफ दिखाई दे रहा है। नोएडा में सभी चार सक्रिय स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता असंतोषजनक स्तर पर दर्ज की गई। सेक्टर-125 नोएडा (यूपीपीसीबी) में एक्यूआई 273, सेक्टर-62 नोएडा (आईएमडी) में 218, सेक्टर-1 नोएडा (यूपीपीसीबी) में 282 और सेक्टर-116 नोएडा (यूपीपीसीबी) में 274 दर्ज किया गया। ये सभी आंकड़े ऑरेंज जोन को दर्शाते हैं, जिससे साफ है कि प्रदूषण का स्तर सामान्य से कहीं अधिक बना हुआ है।

गाजियाबाद में भी वायु गुणवत्ता चिंताजनक रही। इंदिरापुरम (यूपीपीसीबी) में एक्यूआई 173, लोनी में 210, संजय नगर में 235 दर्ज किया गया, जबकि वसुंधरा में एक्यूआई 322 तक पहुंच गया, जो रेड जोन की श्रेणी में आता है। इससे संवेदनशील लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। दिल्ली की बात करें तो कई प्रमुख इलाकों में एक्यूआई ऑरेंज से रेड जोन के बीच बना हुआ है। आईटीओ में एक्यूआई 251, जहांगीरपुरी में 312, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास 280, लोधी रोड पर 177, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 253 दर्ज किया।

**नाम परिवर्तन**


मैंने अपना नाम लक्ष्मी से बदलकर परी शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम परी शर्मा से जाना व पहचाना जाए।

**परी शर्मा पुत्री पवन कुमार शर्मा** निवासी: जी-275 गली नं. 30 वेस्ट करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली- 110094.

# कंबल वितरित कर पहुंचाई सर्दी में राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सर्दी की सर्द रातों में सड़को पर ठिठुरते लोगो की मदद के लिए निस्वार्थ सेवा संकल्प ट्रस्ट आगे आई और मानवता और करुणा की एक सशक्त मिसाल पेश की । सोमवार 5 जनवरी को कोटला मुबा. रकपुर स्लम एरिया, दिल्ली में विंटर रिलीफ ब्लैंकेट डिस्ट्रीब्यूशन किया।



इस पहल का उद्देश्य केवल कंबल वितरित करना नहीं था, बल्कि उन परिवारों तक सुरक्षा, अपनापन और उम्मीद पहुंचाना था, जिनके लिए ठंड हर रात एक संघर्ष बन जाती है और बिना कंबल के सर्द रात उनको जानलेवा लगती है। ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने प्रेम, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ बुजुर्गों, महिलाओं और मासूम बच्चों को गर्म कंबल प्रदान किए। इस सेवा कार्य को साकार करने में ट्रस्टी विपुल, राशी, सोहनलाल, रेखा जी एवं रणजीत का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

कंबल पाकर किसी के चेहरे पर आई मुस्कान, किसी बुजुर्ग की नम आंखे हुई। कार्यक्रम के दौरान यह साफ महसूस हुआ कि यह गतिविधि सिर्फ राहत नहीं, बल्कि मानवीय रिश्तों की गर्माहट थी।

# पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस सउल्लास सम्पन्न

## धीरे-धीरे पूरी दुनिया के 80-90 प्रतिशत लोग सनातन को फॉलो करेंगे: स्वामी रामदेव

**हरिद्वार।** पतंजलि के 32वें स्थापना दिवस पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन अनुसंधान, सनातन कृषि, गौमाता एवं भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली विक. सित भारत के निर्माण हेतु समस्त ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधरों से आह्वान किया।

इस अवसर पर स्वामी जी महाराज ने कहा कि पतंजलि पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की आत्मा सनातन की आत्मा है। उन्होंने पतंजलि के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आह्वान किया किया कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन कृषि व्यवस्था व सनातन जीवन पद्धति को जीवन में गौरव दें और इसके द्वारा अपने भीतर असीम ज्ञान, अनंत-असीम भक्ति, अनंत-असीम प्रचंड सामर्थ्य को जागृत करें।




■ **पतंजलि के कारण एफएमसीजी कंपनियों को मजबूरन बेतहाशा मूल्य वृद्धि रोकनी पड़ी: आचार्य बालकृष्ण**

■ **पतंजलि की सेवा यात्रा संघर्षकारी रही, उतार-चढ़ाव संघर्षों के बीच यात्रा आगे बढ़ती रही: आचार्य जी**

सदा यह स्मरण रखें कि हम ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधर हैं। हमारे जीवन से ऋषियों का ऋषित्व, देवों का देवत्व, ब्रह्म का ब्रह्मत्व, राम का रामत्व, भगवान कृष्ण का कृष्णत्व, हनुमान का हनुमत तत्व, शिवत्व वेद तत्व अभिव्यक्त हो। स्वामी जी ने कहा कि जिस दिन पतंजलि गुरुकुलम, आचार्यकुलम, विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी, उस दिन हमारा रुपया डॉलर, पौंड, यूरो से ऊपर जाएगी। हमारी करेंसी की वैल्यू भारतीय जीवन पद्धति व भारतीय मानदंडों की वैल्यू, भारतीय संस्कृति-पर्व की वैल्यू और भारतीय पासपोर्ट की वैल्यू पूरी दुनिया में बढ़ जाएगी। दुनिया के 200 देश हमसे वीजा नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन जीवन मूल्यों में श्रद्धा रखने वाले पूरी दुनिया के 200-250 करोड़ से ज्यादा लोग तैयार हो रहे हैं और धीरे-धीरे पूरी दुनिया के 80-90 प्रतिशत लोग सनातन को फॉलो करेंगे। हम सबको मिलकर भारत को ऐसा परम वैभवशाली देश के बनाना है, और वह बनेगा शौर्य से, वीरता से, पराक्रम से। स्वामी जी ने कहा कि भारत को परम वैभवशाली बनाने से पाकिस्तान व बांग्लादेश थर-थर कांपेंगे। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा वैनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी को गैर-लोकतांत्रिक बताया। स्वामी जी ने कहा कि अभी हमारे बच्चे शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया तथा रशिया आदि देशों में जाते हैं। पतंजलि गुरुकुलम् भी आज पूरी दुनिया के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। हमारा लक्ष्य है कि पूरी दुनिया के लगभग 200 देशों से कम से कम 15-20 हजार बच्चे पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम् और पतंजलि विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए आएँ। शैक्षणिक सेवाओं के दूसरे चरण में एजुकेशन की सभी ब्रांच पतंजलि ग्लोबल गुरुकुलम् व पतंजलि ग्लोबल यूनिवर्सिटी में स्थापित होंगी। स्वामी जी ने कहा कि सनातन धर्म ही ग्लोबल स्प्रीचुअल प्रेक्टिस बनेगी। सनातन जीवन पद्धति ही विश्व जीवन पद्धति बनेगी, भारतीय शिक्षा बोर्ड विश्व को नई शिक्षा देने वाला बोर्ड बनेगा और योग, आयुर्वेद व नेचुरोपैथी विश्व चिकित्सा पद्धति बनेंगी।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 3231/6.4.2017 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम जैद अब्बास है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हसीन अब्बास**
**निवासी- मुस्सा बिलासपुर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 7378/5.8.2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम मौहम्मद तकी है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हसीन अब्बास**
**निवासी -मुस्सा बिलासपुर**

# मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का मामला गर्माया

## तहसील दिवस में एडीएम से की गई पुलिसवालों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा कैराना में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। धार्मिक गुरुओं ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एडीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए पुलिस पर बिना किसी लिखित आदेश के जबरन कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

सोमवार को जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ताहिर के नेतृत्व में मुस्लिम समाज को लोग तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन पत्र एडीएम शामली को सौंपा गया। ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि कस्बे की मस्जिदों और इबादतगाहों पर वर्षों से शासन के निर्देशों के अनुरूप एक-एक लाउडस्पीकर लगाए गए हैं, जिनकी आवाज निर्धारित मानकों के भीतर रखी जाती है। इन्हीं लाउडस्पीकरों के माध्यम से नमाज के समय अजान दी जाती है। आरोप है कि बीते कुछ दिनों से कैराना पुलिस द्वारा बिना कोई स्पष्ट आदेश दिखाए मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए जा रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि जब पुलिस से इस संबंध में शासनादेश या लिखित निर्देश दिखाने को कहा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। कई मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं, जिससे धार्मिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है और लोगों में रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ताओं ने जिला. धिकारी से मांग की है कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों को न उतरवाया जाए और समुदाय को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इस पर एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने तथा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# बाजारों में सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका ने शहर के बाजारों में सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। 1.25 करोड की लागत से बाजारों में नाली और सडक के निर्माण के साथ साथ फैंसी लाईटे लगाई जाएगी।

शहर के बाजारों में पिछले करीब 50 वर्षो से नालियों का निर्माण नही कराया गया था। हाल ही में नगर पालिका बोर्ड बैठक में शहर के बाजारों के सौदर्यकरण का कार्य करने का प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके बाद अब नगर पालिका ने टेंडर छोडने के साथ ही शहर के बडा बाजार, आजुध्या चौक, गांधी चौक में सौदर्यकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। सभासद रोबिन गर्ग, पूर्व सभासद मनोज मित्तल ने पहुंचकर कार्यो का जायजा भी लिया। उन्होने बताया कि लंबे समय से बाजारों में कोई कार्य नही हो सका था। अब बाजारों में कार्य होने से बाजारों का चौडीकरण होगा और अतिक्रमण भी खत्म हो सकेगा, जिसमें सभी दुक. ानदारों का सहयोग मिल रहा है। बाजारों की नालियों और सडकों के निर्माण के बाद फैंसी लाईटे भी लगाई जाएगी, जिससे बाजारों में सौदर्यकरण बढेगा।



# संपूर्ण समाधान दिवस: 52 में मात्र 3 शिकायतों का निस्तारण

## फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील शामली के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अत: शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द,तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। **ऊन।** तहसील ऊन में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सीडीओ के समक्ष 23 शिकायतें आईं जिनमें से मोके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी,तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। **कैराना।** तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को लेकर प्रशासन सक्रिय नजर आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम सत्येंद्र सिंह ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।




सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम सत्येंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने यह भी निर्देशित किया कि जिन मामलों में स्थलीय जांच की आवश्यकता है, वहां अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें। एडीएम ने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि समाधान दिवस की भावना के अनुरूप अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी तह तक जाकर किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार कैराना सतीश यादव,आपूर्ति निरीक्षक मदन पाल सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मेरठ-करनाल मार्ग पर बाइक के आगे कुत्ता आ जाने से बाइक सवार दो लोग सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल-112 पुलिस द्वारा सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया, जहां एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सोमवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी मोहि. हत पुत्र सुरेन्द्र अपनी किरायाना की दुकान का सामान लेने के लिए गांव के ही रजत पुत्र प्रदीप के साथ बाइक पर सवार होकर शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह सामान लेकर वापस लौट रहे थे तो काबडौत पुल के निकट अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां मोहित की दशा गंभीर होने के कारण उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## घर से बुला कर युवक के साथ मारपीट, दो भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर घर बुलाकर एक युवा के साथ दो लोगों ने लाठी डंडे में धार धार तैयारों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी तै"यब पुत्र उमरदीन ने बताया कि कैराना निवासी दो भाई कस्बे में पहुंचे और पीड़ित को फोन कर घर से बाहर सड़क पर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी भाइयों ने पीड़ित के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से करने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

## सोमवार को रही कम सर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में पिछले तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच सोमवार को मौसम ने कुछ राहत दी। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों ने ठंड से निजात महसूस की। सुबह से ही धूप खिलने पर लोग घरों की छतों, आंगनों और सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर धूप सेंकते नजर आए। बाजारों में भी दिन के समय कुछ रौनक देखने को मिली और लोग आवश्यक कार्यों के लिए बाहर निकले। हालांकि यह राहत अस्थाई साबित हुई। जैसे ही देर शाम हुई, सर्द हवाओं ने एक बार फिर लोगों को ठिठुरन का अहसास करा दिया। ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट महसूस की गई और लोग जल्दी ही अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

# जिला टैक्स बार एसो. की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन शामली की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट हर्ष शर्मा, अध्यक्ष राजपाल यादव, कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल सहित राज्य कर विभाग एवं आयकर विभाग के अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।




शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता बार के संरक्षक एडवोकेट अनिल कुमार मित्तल ने की। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन अधिवक्ता अनुराग गॉड एवं अधिवक्ता मोहित गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनव्वर हसन एडवोकेट, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता एडवोकेट, महासचिव सचिन गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सनुज शर्मा एडवोकेट सहित कार्यकारिणी के अन्य मनोनीत सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष मनव्वर हसन ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ता देशपाल सिंह को वर्कशॉप चेयरमैन तथा अधिवक्ता इमरान अहमद को सूचना प्रभारी मना. ेनीत किया गया। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सामूहिक प्रयास से संगठन को सशक्त बनाएंगे और अधिवक्ताओं से जुड़े प्रत्एक मुद्दे को प्राथमिकता से उठाएंगे।

## एक नजर

### नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब सिनेर्जी द्वारा पारिवारिक वातावरण में नववर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहारनपुर रोड स्थित राधा वाटिका में संपन्न हुआ, जिसमें क्लब के सदस्यों के साथ उनके परिवारजनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नववर्ष के अवसर पर कार्यक्रम को महिला शक्ति को समर्पित किया गया। समारोह के दौरान दंपत्तियों के लिए कपल गेम्स, बच्चों के मनोरंजन के लिए टेडी डांस का आयोजन किया गया। सर्द मौसम को देखते हुए बोनफायर की व्यवस्था के साथ-साथ सभी के लिए डिनर की भी विशेष व्यवस्था की गई। इसी अवसर पर क्लब द्वारा लायंस क्लब सिनेर्जी जैकेट का विधिवत शुभारंभ किया गया, जो क्लब की एकता और पहचान का प्रतीक बताया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कृष्ण की लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कथावाचक द्वारिका प्रसाद द्वारा राजा परीक्षित और सुखदेव महाराज के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण की 16 कलाओ का भावपूर्ण व्याख्यान किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर भगवान कृष्ण की लीलाओ और उनके दिव्य स्वरूप का श्रवण करते रहे। सोमवार सुबह पंडितों ने यजमान वीरेन्द्र दत्त सेमवाल द्वारा पूजा करकर दोपहर एक कथा का शुभारंभ किया। कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने सुनाया कि राजा परीक्षित को श्राप मिलने के बाद सुखदेव महाराज द्वारा उन्हें मद् भागवत कथा का उपदेश दिया गया, जिससे मानव जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की 16 कलाएं उनके संपूर्ण और पूर्णावतार होने का प्रमाण हैं, जिनमें धर्म, करुणा, प्रेम, नीति और न्याय का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। इन कलाओ को आत्मसात कर मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओ ने जयकारो के साथ कथा का आनंद लिया। आयोजन में पाल गोयल, महेंद्र शर्मा, अशोक, विपिन गुप्ता, मनीष और पंकज सहित अन्य श्रद्धालुओ की उपस्थिति रही। कथा के अंत में आरती कर सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

### नाबालिग से अश्लील कॉल, विरोध पर परिवार से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के एक मोहल्ले में नाबालिग किशोरी से मोबाइल फोन पर अश्लील बातचीत करने और शिकायत करने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार उसकी करीब 13 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाला युवक शाहबान लगातार फोन कर अश्लील बातें करता था, जिससे किशोरी मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। इसकी जानकारी समाज के जिम्मेदार लोगों को दी गई, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर परिजनों ने घर का मोबाइल नंबर बदल दिया, इसके बावजूद आरोपी ने पिता के मोबाइल पर कॉल कर गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि गत चार जनवरी को शिकायत करने पर शाहबान के परिजन मुस्तफा, शाकिर, शाहबान, राशिद व शौकत अन्य लोगों के साथ पीड़ित के घर पहुंचे और रिजवान, उसकी पत्नी व नाबालिग पुत्री के साथ मारपीट की। इस दौरान महिला के कपड़े फाड़ दिए गए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### नाली की सफाई को लेकर भिड़े दबंग, महिलाओं से मारपीट, चार पर मुकदमा

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम बराला कुकरहेड़ी में नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बराला कुकरहेड़ी निवासी मुस्तफा पुत्र यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। आरोप है कि पड़ोसी कवर पुत्र कामा आए दिन उससे गाली-गलौच और धमकियां देता रहता है। पांच जनवरी की सुबह करीब नौ बजे जब वह अपने घर के बाहर नाली की सफाई कर रहा था, तभी कवर पुत्र कामा और सोनू पुत्र कवर ने कूडा उठाने को लेकर विवाद खड़ा कर दिया।शोर-शराबा होने पर सोनू पुत्र लियाकत और जलालू पुत्र जबरा भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने एकराय होकर मुस्तफा, उसकी माता जमीला तथा ससुराल से आई उसकी सास बलकीसा के साथ बेल्टों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और थाने आने की बात कहकर चली गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद भी दबंगों ने उसे धमकी दी कि यदि वह थाने गया तो अंजाम बुरा होगा। कोतवाली कैराना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जतिन का निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 14 दिसंबर से 3 जनवरी तक तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज जतिन निर्वाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।



शहर के कांबोज कॉलोनी निवासी नेशनल शूटर जतिन निर्वाल ने एयर पिस्टल वर्ग में 600 में से 581 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी शामली राइफल क्लब के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। ग्राम कुड़ाना निवासी उत्सव मलिक ने एयर राइफल टीम वर्ग में स्वर्ण पदक, ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने .22 राइफल थ्री पोजीशन जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक तथा ग्राम मादलपुर निवासी अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पियूष शर्मा ने एयर राइफल जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण एवं सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया था। सोमवार को कलेक्ट्रेट शामली में डीएम अरविंद चौहान एवं एसपी एनपी सिंह ने जतिन निर्वाल एवं उत्सव मलिक को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, तहसीलदार सदर मनोज, तहसीलदार गौरव उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ नेशनल शूटर ऋषभ चौधरी, रचित चौधरी, अभिषेक तोमर, अंकुर पाल (एयर पिस्टल वर्ग) तुगलकाबाद, नई दिल्ली में तथा ऋत्विक पाल, अक्षित निर्वाल, विधान प्रताप सिंह पुणे (महाराष्ट्र) में 10 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले टीम इंडिया ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

# मजदूरी की पेशगी दी रकम वापस मांगने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गन्ने की मजदूरी के बकाया रूपए मांगने पर एक युवक के साथ लाठी-डंडों व बेल्टों से मारपीट करने का मामला सामने आया है।

खुरगान निवासी आजम पुत्र हनीफ ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि करीब एक माह पूर्व जावेद पुत्र तैयब उसे गन्ने की मजदूरी पर अपने साथ लेकर गया था। जावेद ने केवल दस दिन ही काम कराया, जबकि मजदूरी के रूप में उसे 19 हजार 500 रूपए दे दिए गए। इसके बाद जावेद बिना बताए काम छोड़कर बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर चला गया। कुछ समय बाद लौटने पर आजम ने उससे शेष बकाया 13 हजार 500 रूपए मांगे, लेकिन आरोपी ने रूपए देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि विगत तीन जनवरी की शाम करीब सवा छह बजे जब आजम गांव में सामान लेने जा रहा था और जैसे ही वह राजकीय इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जावेद, सावेज व अरशद पुत्रगण तैयब वहां पहुंचे। इसी दौरान अमजद पुत्र अ"यूब भी मौके पर आ गया। चारों ने मिलकर आजम को घेर लिया और लाठी-डंडों व बेल्टों से जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक की चपेट में आकर मां-बेटा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा कैराना निवासी हसीब अपनी मां समीना के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा शाहपुर में रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस लौटते समय जैसे ही वह गांव भभीसा के पास पहुंचे, तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी एक महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर उसके दो पुत्रों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी महिला नजमा पत्नी सलीम ने बताया कि दोपहर के समय वह घर पर बैठी हुई थी तभी पड़ोस के कई लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और उसके दो पुत्रों के साथ जमकर मारपीट की और शराब होने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के कासिम ने भी थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भक्ति-वैराग्य का अनुपम संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट के तत्वावधान में वृंदावन में शामली के प्रसिद्ध कथा वाचक चंचल शर्मा ने मद्भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य का अनुपम संगम बिखेरा। कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने भीष्म स्तुति एवं राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप के प्रसंग की अत्यंत भावपूर्ण और सारगर्भित व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य चंचल शर्मा ने भीष्म पितामह के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए धर्मनिष्ठा, त्याग और भगवान कृष्ण के प्रति अटूट समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भीष्म पितामह ने जीवन के अंतिम क्षणों में भगवान कृष्ण का स्मरण कर परम गति प्राप्त की, जो प्रत्एक मानव के लिए अनुकरणीय आदर्श है। राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होने वाणी की मर्यादा, अहंकार के दुष्परिणाम और समय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यही प्रसंग आगे चलकर मद्भागवत महापुराण के अवतरण का कारण बना, जो संपूर्ण मानवता के कल्याण का महान ग्रंथ है।



# बाइक चोरी में जुड़वा भाई समेत चार गिरफ्तार

## एक जैसे कपड़े पहनकर एक चोरी करता दूसरा दुकान पर बैठता, 30 बाइक व पार्टस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को सेक्टर-14ए से पास से गिरफ्तार किया। इनके नाम शादाब उर्फ रुतबा, अरमान उर्फ सुट्टा, उलमान और विजय है। ये सभी वाहन चोर है। इसमें अरमान और उलमान जुड़वां भाई है। जिनकी शक्ल कद काठी हूबहू मिलती है। इसी का ये दोनों फायदा उठाते है। चोरी के दौरान एक जैसे कपड़े पहनकर एक काबड़ी की दुकान पर बैठता है तो दूसरा चोरी करता है। ताकि किसी को दोनों पर शक न हो। इस गैंग के पास से 30 बाइक बरामद की गई। जिसमें 15 पूरी बाइक और बाकी के पार्टस मिले है। इसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है। ये दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मथुरा और फरीदाबाद में गाड़ी चोरी कर हरियाणा के पवन और विजय को ये लोग बाइक देते है। वहा से ऑन डिमांड गाड़ियों को बेचा जाता है।



डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि गैंग मास्टर माइंड शादाब उर्फ रुतबा है। ये अपने साथियों के साथ कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनी के बाहर खड़े वाहनों की रैकी करते है। इसके बाद तीनों लोग मिलकर मास्टर चाबी या लॉक तोड़कर बाइक, स्कूटी को चोरी करते और उलमान कबाड़ी की दुकान पर ले जाते है। यहां से चोरी के बाहर कच्चे रास्तों के जरिए हरियाणा के बल्लभगढ़ में पवन और विजय को देते है। गाड़ी की सप्लाई होने पर इन चारों को पैसे मिलते है। जिसे ये आपस में बांट लेते है। डीसीपी ने बताया कि अरमान उर्फ सुट्टा व उलमान दोनों हमशक्ल जुड़वां भाई है। जब भी कोई चोरी की घटना करनी होती तो एक भाई कबाड़ की दुकान पर हूबहू कपड़े पहनकर बैठ जाता है। ताकि पकड़े न जा सके। शक न होने पर लोगों से पूछताछ की गई तो अक्सर दूसरे भाई को कबाड़ की दुकान पर पाया गया। ऐसे में ये कई बार बच गया।

# नोएडा के कई गांवों में ऐक्शन, अवैध कब्जा करने वालों पर पुलिस ने दर्ज किए केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में एक बिल्डर कंपनी और 18 लोगों के खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई बसी बाउद्दीननगर, गढ़ी चौखंडी और इलाहाबास गांवों में अवैध निर्माण को लेकर की गई है। प्राधिकरण के इंजीनियरों ने अलग-अलग थानों में शिकायत दी कि इन लोगों ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बसी बाउद्दीन. नगर, गढ़ी चौखंडी और इलाहाबास गांवों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में एक बिल्डर कंपनी और 18 लोगों के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज किए हैं। नोएडा प्राधिकरण के इंजीनियर मो. हित भाटी ने फेस-3 थाने में रिपोर्ट लिखवाई है।

**बसी बाउद्दीननगर में इन पर आरोप:** उन्होंने आरोप लगाया है कि बसी बाउद्दीननगर में सौरभ राणा, नितिन राणा और ब्रिकलैंड डेवलपर्स प्रबंधन ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण किया है। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक पारसनाथ सोनकर की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें बसई गांव में अशोक कुमार, ओमवीर यादव, विजय नागर और भूपेंद्र गुप्ता पर नोएडा अथॉरिटी की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है।

**गढ़ी चौखंडी गांव में अवैध कब्जे का आरोप:** वहीं एक अन्य मामले मे अवर अभियंता मुकेश कुमार ने गढ़ी चौखंडी गांव में प्रदीप कुमार, रामराज, अजय तिवारी, अवध सिंह, नवीन, विशाल मिश्रा, उदयवीर चौहान, राकेश यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इन आरोपियों पर गढ़ी चौखंडी गांव में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है।

**इलाहबास गांव और निम्मी विहार में भी शिकायतें:** वहीं दो प्राथमिकियां अवर अभियंता विजेंद्र सिंह की ओर से फेस-2 थाने में दर्ज कराई गई है। इनमें इलाहबास गांव और निम्मी विहार में प्राधिकरण की जमीन पर राम अवतार सिंह और दानिश अली पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि अब इन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सहेली से लैपटॉप मांगने गई युवती के साथ मारपीट

**नोएडा।** हल्दौनी गांव में रहने वाली युवती ने अपनी सहेली और उसके अन्य साथियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुता. बिक हल्दौनी गांव में श्वेता किराये के मकान में रहती है। श्वेता ने पुलिस को बताया कि उसने अपना लैपटॉप अपनी सहेली मिथिलेश को दिया था। वह 10 दिसंबर को मिथलेश से अपना लैपटॉप मांगने गई थी। इसी बीच मिथिलेश ने अपनी सहेली अदिति, उसके भाई और अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से मामले की शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो बदमाशों को रविवार रात जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर 11 दोपहिया वाहन और दो अवैध हथियार बरामद हुए। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि सेक्टर-22 के एफ ब्लॉक के पास पुलिस टीम रविवार रात जांच कर रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रोका तो वह भागने लगे। टीम ने पीछा करके दोनों को दबोच लिया।

पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। जिस बाइक पर दोनों आरोपी घूम रहे थे, वह भी चोरी की थी।

आरोपियों की पहचान कासग. ंज के कच्छेला शालीमपुर गांव निवासी दीपक और जिला बुलंदशहर के कस्बा औरंगाबाद निवासी सतेंद्र के रूप में हुई। दोनों आरोपी वर्तमान में गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों आरो. पियों ने बताया कि वे साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर के शहरों में रेकी करते।



इसके बाद भीड़ वाले इलाके और घरों के बाहर खड़ी बाइकों को मौका पाकर चोरी कर लेते। चोरी की गई बाइक को छिपाकर सेक्टर-54 के जंगलों की झाड़ियों में छुपाकर खड़ी कर देते और जरूरत पड़ने पर इन बाइक को एक-एक करके जरूरतमंद लोगों को सस्ते दाम में बेच देते। बेची गई बाइक से जो रुपये मिलते, उसको आपस में बराबर बांटकर अपने शौक पूरे करते। चोरी करते समय अपनी सुरक्षा के लिए वे अपने पास चाकू रखते। दीपक के खिलाफ दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, सतेंद्र के खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### वेनेजुएला पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के खिलाफ सेक्टर-आठ स्थित बांस-बल्ली मार्केट में सोमवार को माकपा गौतमबुद्ध नगर कमेटी ने प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई बंद करने और मादुरो सरकार की सत्ता बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन को माकपा जिला सचिव कामरेड रामसागर और सीटू जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने संबोधित किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन में भी हिस्सा लिया।

### आढ़ती की दुकान में चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में पाटिया चौक पर स्थित एक आढ़ती की दुकान में चोरी हो गई। चोरों ने दुकान का दरवाजा तोड़कर करीब 25 हजार रुपये नकद चुरा लिए। इसके साथ ही, दुकान में आग लगाने का भी प्रयास किया गया। घटना का पता सोमवार को चला, जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित व्यापारी नवीन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पाटिया चौक पर आढ़त की दुकान है। रविवार शाम को वे रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली, तो देखा कि छत से नीचे आने वाली सीढ़ियों पर बना दरवाजा टूटा हुआ था। दुकान के अंदर रखी तिजोरी से लगभग 25 हजार रुपये गायब थे। चोरों ने दुकान में आग लगाने की भी कोशिश की। हालांकि, गनीमत रही कि आग केवल जमीन पर फैले मैट के कुछ हिस्से तक ही सीमित रही और अपने आप बुझ गई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना की सूचना मिलने पर दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

### नोएडा प्राधिकरण में बड़ी कार्रवाई, लापरवाही पर लेखपाल बर्खास्त, एक का वेतन रोका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग में तैनात दो लेखपालों पर गंभीर लाप. रवाही और कर्तव्यहीनता के आरोपों में कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि कार्यों में शिथिलता,




भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार, भूलेख विभाग में कार्यरत लेखपाल शुभम भारद्वाज और सीमा यादव द्वारा अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया जा रहा था। दोनों कर्मियों पर माननीय न्यायालय से आच्छादित प्रकरणों, शासकीय कार्यों, आईजीआरएस (प्ळैै) और आरटीआई (त्ज्प्) से संबंधित मामलों का समयबद्ध निस्तारण न करने के आरोप थे। इसके अलावा, इनके कार्यक्षेत्र में अधिसूचित क्षेत्र व अर्जित भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण की शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं।

प्राधिकरण के अनुसार, यह आचरण 'उत्तर प्रदेश सरकारी आचरण नियमावली-1956' और 'नोएडा सेवा नियमावली-1981' में निहित सरकारी कर्मचारी के कर्तव्यों का घोर उल्लंघन है। उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को भी गंभीरता से लिया गया। सीईओ ने इस कार्रवाई के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त संदेश दिया है कि जनता से जुड़ी शिकायतों, विशेषकर प्ळैै और त्ज्प् प्रकरणों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने में विफल रहने वाले संबंधित बीट व क्षेत्र के जिम्मेदार कर्मियों की जवाब. देही तय कर उन्हें प्राधिकरण से बाहर किया जाएगा।

गंभीर लापरवाही को देखते हुए लेखपाल शुभम भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से नोएडा प्राधिकरण से अवमुक्त कर दिया गया है। उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रकरण को आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश शासन को भेज दिया गया है। वहीं, लेखपाल सीमा यादव का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से विभागीय स्तर पर हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों में भी सख्त संदेश गया है कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# समाधान दिवस पर नौ शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों दादरी, सदर एवं जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान कुल 112 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनसामान्य की 93 शिकायतों का अनुश्रवण किया, जिनमें से 07 शिकायतों का समाधान मौके पर ही करा दिया गया।

तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं तहसील सदर में उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता द्वारा जनसामान्य की 04 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

### बैंक्वेट हॉल में घुसकर सगे भाइयों से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान दो सगे भाइयों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कस्बे के कम्बुआन मोहल्ले में यामीन परिवार के साथ रहता है। यामीन ने पुलिस को बताया कि रविवार को कस्बे के बैंक्वेट हॉल में उसकी भतीजी की शादी थी। परिवार के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। इसी बीच बाइक सवार युवक बैंक्वेट हॉल में घुस आए। आरोपियों ने यामीन और उसके भाई के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित यामीन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बिलाल, अनस और जुबेर और उनके एक साथी शहजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो के चार गांवों में ई-पुस्तकालय खोलने के लिए भवन का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा समेत चार गांवों में ई-पुस्तकालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए भवन निर्माण का शिलान्यास रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों की मौजूदगी में किया। गांवों में वर्षों पूर्व बने पंचायत घर के स्थान पर नया भवन बनाया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक वर्क सर्किल-8 के विभिन्न गांवों में प्रथम चरण में 13 ई-पुस्तकालय खोलने की योजना बनाई गई है। पूर्व में जारी की गई निविदा की प्रक्रिया पूरी कर इस पर काम शुरू कर दिया गया है। नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा में भवन निर्माण के लिए एजेंसी को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है।

शिलान्यास के बाद काम शुरू कर दिया गया है। पुस्तकालय के लिए एक कमरा, एक बरामदा व महिला-पुरुष के अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया जाएगा। फर्नीचर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इस पर लगभग 1.12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह काम अगले छह माह में पूरा हो जाएगा।

दरअसल प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। इन गांवों में बिजली, पानी, सड़क, स्कूल जैसी सभी जरूरी विकास कार्य प्राधिकरण द्वारा कराए जाते हैं। क्षेत्र के गांवों में स्थित पंचायत घर रखरखाव के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं।

इसको देखते हुए प्राधिकरण ने पंचायत घरों को उपयोग में लाने के लिए उन्हें ई- पुस्तकालय में बदलने की योजना बनाई है। गांवों के लोगों द्वारा भी यह मांग की जा रही है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि नवादा, बरसात, घंघौला व हतेवा में नए भवन का निर्माण किया जाएगा, जबकि नौ अन्य पुस्तकालय के लिए पंचायत घरों का नवीनीकरण कराया जाएगा। बता दें कि कुछ गांवों में स्थित पंचायत घरों में पहले से ही आपसी सहयोग से पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।

# बीच रोड पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

## कार साइड करने को लेकर शुरू हुई लड़ाई, रिकवरी एजेंट को नशे में धुत्त लोगों ने मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बीच रोड पर कुछ युवक कार पर बैठकर शराब पी रहे थे। सामने से आई-20 कार से दो दोस्त निकल रहे थे। बीच में गाड़ी खड़ी देखकर दोनों दोस्तों ने नशे में धुत्त 7-8 युवकों को गाड़ी किनारे करने को कहा। जिसके बाद सभी भड़क गए और सब ने मिलकर दोनों दोस्तों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद भाग गए।रोड से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों दोस्तों को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक दोस्त की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की जांच जारी है।



दादरी के कैमराला गांव में रहने वाला हरकेश (30) अपने दोस्त मोहि. हत के साथ ग्रेटर नोएडा से गांव लौट रहा था। हरकेश रिकवरी एजेंट का काम करता है। गांव से कुछ दूरी पहले ही रोड पर 7-8 लोग शराब पी रहे थे। उन्होंने बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर रखी थी। हरकेश ने उनसे गाड़ी हटाने को कहा। लेकिन वो लोग नहीं माने। जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने हरकेश और उसके दोस्त मोहित पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में हरकेश और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। तब जाकर हमलावर घटना स्थल से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हरकेश और मोहित को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हरकेश को मृत घोषित कर दिया। परि. जनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में अब तक दो आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। वहीं केमराला गाँव के लिट्टू,सोनू, कालू, विक्रांत व चकरस. ेनपुर गाँव के अनुज व कुछ अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी गई है।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह विवाद गाड़ी हटाने को लेकर हुआ था, जिसके बाद मारपीट हुई और हरकेश की हत्या कर दी गई। उन्होंने पुष्टि की कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# नॉलेज पार्क में हत्या का खुलासा

- **प्रेमी की चाकू मारकर हत्या करने वाली युवती गिरफ्तार**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रही युवती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घरेलू विवाद के दौरान कोरियाई प्रेमी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में युवती को सोमवार को 150 गोल चक्कर के पास से पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान लुम जियाना (पुत्री काचन घथाई) निवासी थंगल, जिला ताम. ेंगलोंग, पोस्ट बिशनुपुर, थाना खौपुम, राज्य मणिपुर के रूप में हुई है। वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 स्थित एटीएस प्योस हाइडवेस के फ्लैट नंबर 1201 में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि युवती अपने कोरियाई प्रेमी डक हीया युह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। 4 जनवरी 2026 को हुए एक विवाद के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि युवती ने अपने प्रेमी पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और हत्या के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद उसकी की तलाश की जा रही थी।

**150 गोल चक्कर से गिरफ्तारी:** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 जनवरी 2026 को आरोपी युवती को 150 गोल चक्कर क्षेत्र, थाना नॉलेज पार्क से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे आवश्यक विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# तौलिये के विवाद में हुई थी दक्षिण कोरिया के प्रेमी की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-150 स्थित एटीएस पायस हाइडवे सोसाइटी में दक्षिण कोरिया निवासी प्रेमी की हत्या करने वाली आरोपी युवती को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि मणिपुर निवासी प्रेमिका ने तौलिया को लेकर हुए विवाद में वारदात को अंजाम दिया था। वहीं, पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद दूतावास की टीम को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक एटीएस पायस हाइडवे सोसाइटी के फ्लैट में दक्षिण कोरिया निवासी डक ही युह और मणिपुर निवासी लुनजेएना पमाई करीब पिछले दो साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

युवती ने शनिवार को चाकू मार कर प्रेमी की हत्या कर दी थी। मृतक के चालक की तहरीर पर पुलिस ने युवती के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि घटना की रात युवती बाथरूम से नहाकर निकली थी।

युवती ने गलती से प्रेमी का तौलिया इस्तेमाल कर लिया था। प्रेमी नहाने पहुंचा तो गीला तौलिया देखकर युवती पर भड़क गया। वह युवती और भारतीयों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगा। विरोध करते हुए युवती ने बैग उठाकर फ्लैट से बाहर जाने का प्रयास किया। नशे में धुत प्रेमी किचन से सब्जी काटने वाला चाकू उठाकर लाया और युवती पर हमला करने का प्रयास करने लगा। युवती ने प्रेमी के हाथ से चाकू छीना और उसकी छाती पर वार कर दिया। वह खून से लथपथ होकर गिर गया।

# न्यू ईयर पार्टी में युवक की हत्या का खुलासा

- **बिसरख पुलिस ने दो आरोपी दबोचे**
- **15वीं मंजिल से नीचे फेंककर की गई थी हत्या, पांच फरार आरोपियों की तलाश जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के इस सनसनीखेज मामले में अभी पांच आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।



पुलिस के अनुसार, 1/2 जनवरी 2026 की रात आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी के ए-3 टावर में न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। इसी दौरान बादल ठाकुर और प्रिंस ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनीत राज (28) से गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने विनीत राज को जान से मारने की नीयत से 15वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक विनीत राज मूल रूप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला था और वर्तमान में आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में रह रहा था। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज किया गया।

**चौमुखी हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तारी:** मामले में कार्रवाई करते हुए थाना बिसरख पुलिस ने 4 जनवरी 2026 को दो आरोपियों-धीरज कुमार सिंह और विशाल मिश्रा-को चौमुखी हनुमान मंदिर, बिसरख के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों की घटना में संलिप्तता सामने आई है।

**इन आरोपियों की तलाश जारी:** पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों बादल ठाकुर, प्रिंस कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश, हर्षित कुमार उर्फ हर्ष और शेरी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**इन धाराओं में दर्ज है मुकदमा:** इस मामले में थाना बिसरख में मु0अ0सं0 008/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 3(5) और 103(1) में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी छात्र सभा ने जीबीयू के गेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम विश्वविद्यालय में नियुक्ति और फीस में धांधली को लेकर समाजवादी छात्र संघ सभा के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जब तक नियुक्ति की जांच व फीस में हुए फर्जीवाड़े की जांच नहीं होती तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता होने के चलते पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझा कर धरने को समाप्त करा दिया। वहीं समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोहित नगर का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को मांगों का ज्ञापन पत्र सौंप दिया गया है। यह धरना यहां समाप्त नहीं होगा। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के चलते आज इसे हल्का रखा गया है। 10 तारीख के बाद एक विशाल धरना यहां आयोजित किया जाएगा। इसके बाद धरना तब तक चलेगा जब तक सभी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डीएम ने सुनी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं

## जनता की शिकायतों का त्वरित गुणवत्ता के साथ हो निस्तारण, दिव्यांग पेंशनरों को दिए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को मोहम्मद हजरत अली का जन्म दिवस होने के कारण राजपत्रित अवकाश था जिस के क्रम में सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। बागपत तहसील में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 30शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 5शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जो शासन की नीति है कोई भी प्रार्थना पत्र उसका 7 दिन के अंदर निस्तारण कर दिया जाए कोई प्रकरण संवेदनशील है तो उसकी समय अवधि 7 दिन और बढ़ाई जा सकती है।





जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सरल लाभ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड आदि संबंधित विभाग को स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है जिसमें तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने 5 दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरित किए और असहाय व्यक्तियों को कंबल वित. रित किए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मानिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। अत: सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिक. ारी ने तहसील दिवस में आए संपर्कों के निस्तारण की। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त संदर्भों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें कोई भी संदर्भ लंबित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकार अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मटके में शुद्ध जल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे सुभाष चन्द कश्यप ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी से लगातार बीमार हो रहे लोगों और भाजपा नेताओं की बयानबाजी के विरोध में कलेक्ट्रेट में पूर्व फौजी सुभाष चंद कश्यप ने प्रदर्शन किया। वह मटके में शुद्ध जल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

पूर्व सैनिक ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से यह शुद्ध जल मध्य प्रदेश सरकार को भेजा। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें जल्द से जल्द इंदौर के हालात सुधारने की मांग की गई है। घंटा घर मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में पूर्व फौजी सुभाष चंद कश्यप ने बताया कि इंदौर में दूषित जल के कारण अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग अभी भी बीमार हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। इसके बावजूद, वहां की सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। पूर्व फौजी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि मध्य प्रदेश के इंदौर में बिगड़ते हालात को तत्काल सुधारा जाए, ताकि वहां का जल संकट जल्द से जल्द खत्म हो सके।

# दंगल का आयोजन कर ग्रामीणों ने उठाया लुफ्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे हर माह आयोजित दगंल का आयोजन किया गया जिसमें क्षैंत्र के सैकड़ों लोगो ने दंगल का लुफ्त उठाया और पहलवानों को आशीर्वाद दिया।

ढिकोली गांव मे हर माह एक दंगल का आयोजन किया जाता है जिससे क्षैंत्र में पहलावनी का जज्बा बना रहे और कुश्ती लोगो का मनोरंजन के साथ साथ देश के लिए पहलवान तैयार किया जा सके जिसमे 21 हजार की कुश्ती जितेन्द्र ढिकोली और अकिंत टिकरी के बीच हुई जो बराबरी पर छुटी। घोडा पहलवान भैड़ापुर और ध्रुव पहलवान साक. रोद के 11 हजार की कुश्ती बराबरी पर छुटी, राजदेव पहलवान आठा और कार्तिक पहलवान पुटठी के बीच कुश्ती में राजदेव ने कुश्ती जीती, विराट काठा और अभिषेक पहलवान गोठरा में विराट पहलवान नें कुश्ती जीती, दौलत पहलवान काठा और सागर पहलवान हटाना में दौलत पहलवान नें कुश्ती जीती, उज्जवल पहलवान खेकड़ा और काला पहलवान सैदपुर में उज्जवल पहलवान ने कुश्ती जीती, बाद कुश्ती में खलीफा की भूमिका बिटटू पहलवान ने निभाई। इस मौकें पर नरेश, मोनू पहलवान, रितेश, रवि, राजमल ने सहयोग किया।



# अधिवक्ताओं ने की बाइक चोरी का खुलासा किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील परिसर से शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ता धीरज पाल तोमर के दस्तावेज लेखक अश्वनी शर्मा की बाइक चोरी हो गई थी जिसको लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। बाइक चोरी का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह को शिकायत दर्ज कराई। अधिवक्ताओं का कहना है कि अश्वनी शर्मा की डीलक्स मोटरसाइकिल चेंबर के बाहर खड़ी हुई थी। वह चोरी हो गई इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ दिल्ली बस स्टैंड चौकी पर तहरीर दी गई थी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बाइक का सुराग नहीं लगा पाई जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश पनप गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल का कहना है कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जल्द ही बाइक बरामद कर ली जाएगी। पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाल कर कार्रवाई में लग गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे पूर्व में भी तहसील परिसर से 2025 में बाइक चोरी हो गई थी जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया आज संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम को इस संबंध मे अवगत कराया गया है।



## एक नजर

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद राजुद्दीन ने नगर पालिका अध्यक्ष का पदभार दोबारा संभाल, समर्थकों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद राजुद्दीन ने सोमवार को बागपत नगर पालिका अध्यक्ष का पदभार दोबारा संभाल लिया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद ने राजुद्दीन एडवोकेट को बहाल करने के आदेश जारी किए थे।

यह मामला 27 नवंबर का है, जब भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर की शिकायत पर राजुद्दीन पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों में दुक. ानों के आवंटन में गड़बड़ी और योजनाओं में धोखाधड़ी शामिल थी। इसके बाद शासन ने उन्हें पद से हटा दिया था। राजुद्दीन राष्ट्रीय लोकदल के नेता हैं और उनकी बागपत की राजनीति में अच्छी पकड़ मानी जाती है। भाजपा नेता की शिकायत के बाद दोनों पार्टियों के बीच राजनीतिक खींचतान बढ़ गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने राजुद्दीन के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसके बाद उनकी बहाली का रास्ता साफ हो गया। आज जब राजुद्दीन नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, तो उनके समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला। पदभार संभालने के बाद राजुद्दीन ने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। शिकायतकर्ता के संबंध में उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता उनके क्षेत्र का नहीं है और उनकी उससे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिकायत करना शिकायतकर्ता का काम था, लेकिन हाईकोर्ट का निर्णय सर्वोपरि है और वे इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने जनता का भी आभार व्यक्त किया।

# बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसानों की तहसील में पंचायत आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर सोमवार को किसानों की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में किसानों ने बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसानों ने मलकपुर चीनी मिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों की पंचायत किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी बृजपाल सिंह तोमर के नेतृत्व में आयोजित हुई। तहसील परिसर में किसानों के बीच किसान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमबीर तोमर ने किसानों को कांग्रेस का समर्थन किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में किसानों को समर्थन दिया गया। किसानों की पंचायत में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता औरंगजेब खान अधिवक्ता अहमद परवेज राज. कुमार यादव ने भी किसानों को समर्थन दिया। पंचायत को संबोधित करते हुए किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी बृजपाल सिंह तोमर ने कहा कि मलकपुर चीनी मिल पर किसानों का 20 17 18 का ब्याज का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया। अगर किसानों का भुगतान समय रहते नहीं किया गया तो किसान आंदोलन चलता रहेगा। गन्ना भुगतान बिजली के बिल अन्य कई मुद्दों को लेकर पंचायत आयोजित की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत में भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्राली में भरकर पंचायत में पहुंचे। किसानों के बीच एसडीएम भावना सिंह ने जाकर किसानों का जल्द भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया। किसानों ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देकर जल्द भुगतान किए जाने की मांग की। इस मौके पर निर्भर प्रधान जितेंद्र सिंह तोमर रामकुमार सिंह रामवीर सिंह चंद्रपाल सिंह जितेंद्र सिंह तोमर पूर्व गन्ना समिति चेयरमैन चौधरी धूम सिंह तिलवाड़ा किसान नेता पूर्व राज्य मंत्री ओमवीर तोमर ने भी पंचायत को संबोधित किया। पंचायत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उप सचिव दिनेश डा.अरविंद सुखपाल सिंह हामिद शौकत अशोक शर्मा कांग्रेस नेता आदि किसान मौजूद रहे।



# नि:शुल्क नेत्र शिविर में की गई 68 मरीजोंकी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को लायंस क्लब चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोक. दल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक नि:शुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमे 68 मरीजोंकी जाँच की जाँच की गई तथा 16 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया, क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डा.योगेश जिन्दल ने अवगत कराया।

यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं, आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा. शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है, उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे। डा.जिन्दल ने बताया कि लायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1800 से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है, आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता, फरहिन, नूरबी खुशी, आरजू की टीम के द्वारा किया गया। इस मौके पर अंकुर जैन, डा.इरफ़ान मलिक, ललित जैन, मनोज गोयल, अंकुर जिन्दल, सरिता जिन्दल, पूजा, रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष आदि का विशेष सहयोग रहा।

# समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से खत्म करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव रंछाड़ में ब्राह्मण समाज की एक विराट वैचारिक महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कार, शिक्षा और सामाजिक समरसता पर समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा विचार मंथन वर्तमान परिपेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया।

इस मौके पर महामंडलेश्वर आचार्य विश्रुतपाणी महाराज ने वर्तमान समाज के परिपेक्ष में बच्चों और युवाओं को संस्कारों का और शिक्षा का महत्व समझाया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य ओमवीर तोमर, ब्राह्मण गौरव उपा. धि से सम्मानित वरिष्ठ एडवोकेट राधेश्याम शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज की एक जुटता पर बल दिया एवं समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने का समाज के लोगों से आहवान किया। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने समाज के सभी लोगों से नशाखोरी और अपराध पर नियंत्रण रखने का आहवान किया। मंच संचालन पंडित दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में वर्तमान प्रधान अंतुरत तोमर पूर्व प्रधान देवेंद्र तोमर को भी को भी उनके कालखंड में ग्राम पंचायत योजनाओं के अ ंतग र्त सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत किया। समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडित महेंद्र दत्त शर्मा, कृष्ण दत्त प्रधान, मास्टर जगदीश प्रसाद, मनोज शर्मा, विजेंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रवीण शर्मा, हरवीर शर्मा, हरिमोहन शर्मा, मोहन शर्मा आदि सामाजिक गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित रहे।



# अधिवक्ताओं ने किया अनिल तोमर का फूल मालाओं से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बार एसोसिएशन हॉल में अधिवक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया, संगठन की भूमिका और मतदाता पंजीकरण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान जिला बार एसोसिएशन मेरठ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार तोमर का अधिवक्ताओं द्वारा गर्मजोशी से फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। अनिल कुमार तोमर ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबो. धित करते हुए बार काउंसिल चुनाव को लोकतांत्रिक प्रक्रिया बताते हुए अधिक से अधिक अधिवक्ताओं को सदस्य बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत बार संगठन के लिए सक्रिय सदस्यता बेहद आवश्यक है।

उन्होंने अधिवक्ताओं से सदस्यता अभियान में सहयोग करने की अपील की और संगठन को सशक्त बनाने का आहवान किया। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने चुनाव को लेकर एकजुटता दिखाने की बात कही। इस मौके पर अध्यक्ष सुभाष तोमर, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, पूर्व महामंत्री कपिल कुमार डेढा, एड. कमल, जयबीर तोमर, केपी सिंह, विक्रम, ओमपाल, मुकेश, बृजेश राजपूत, कांता पवार आदि मौजूद रहे।



# राज्यपाल से भेंट कर नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे अमन, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिस उम्र में कंधों पर स्कूल बैग का बोझ होना चाहिए था, उस उम्र में जिम्मेदारियों का वजन ढोता एक बच्चा अब देश के सबसे बड़े मंच पर युवाओं की आवाज बनने जा रहा है। कभी अख़बार बेचकर परिवार का सहारा बना, कभी टड्बलाइट फैक्ट्री में बाल श्रम करने को मजबूर हुआ बागपत का युवा अमन कुमार अब विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में यह बताएगा कि लोकतंत्र और शासन में युवाओं की भागीदारी कैसे बढ़ाई जाए, ताकि कोई युवा पीछे न छूटे। अमन का चयन भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए हुआ है। यहां वह विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका, सहभागिता और नीति-निर्माण में उनकी हिस्सेदारी को लेकर अपने विचार रखेंगे। जो कभी समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग में रहा, वही आज राष्ट्रीय मंच पर उत्तर प्रदेश के करोड़ों युवाओं की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करेगा। नई दिल्ली रवाना होने से पहले अमन को यूपी राजभवन लखनऊ आमंत्रित किया गया है, जहां वह राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल से संवाद करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके बाद नई दिल्ली में वह उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने सुझाव साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्रियों के साथ रात्रिभोज और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर भी मिलेगा। खास बात यह है कि पूरे प्रदेश से चयनित युवाओं के समूह की अगुवाई के लिए युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल निदेशालय लखनऊ की ओर से बागपत के अमन को टीम कैप्टन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

# एडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता शिविर लगाकर एडीएम ने जनता की शिकायत सुनी जिसमें 11 शिकायत दर्ज की गई ।

दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी शिकायत जांच के उपरांत अमल में लाई जाएगी। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण चौहान एसडीएम भावना सिंह नायब तहस. ीलदार अतुल रघुवंशी कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल सीएचसी अधीक्षक विजय कुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल पर गंदगी देख भड़की डीएम

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बागपत विकासखंड के ग्राम सुल्तानपुर हटाना का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम में व्याप्त गंदगी, अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों के रख-रखाव में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिक. ारी ने कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत को स्पष्ट चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी 24 लाख 36 हजार रुपये की लागत से निर्मित अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचीं। मौके पर गंदगी, अव्यवस्थित परिसर और मानकों की अनदेखी पाए जाने पर उन्होंने इसे अस्वीकार्य बताया। जिलाधिक. ारी ने निर्देश दिए कि अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचने वाले कच्चे मार्ग को तत्काल पक्का कराया जाए, मार्ग की लेवलिंग एवं समतलीकरण कराया जाए तथा स्थल पर सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्राम भ्रमण के दौरान गांव के कई स्थानों पर कूड़े के ढेर, नालियों में गंदगी और अव्यवस्था देख जिलाधिकारी ने मौके पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम में आरआरसी सेंटर को तत्काल क्रियाशील किया जाए, ताकि घर-घर से निकलने वाले कचरे का नियमित संग्रह, पृथक्करण और निस्तारण सुनिश्चित हो सके। स्वच्छता व्यवस्था में त्वरित सुधार के लिए जिलाधिकारी ने पंचायत फंड से अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए।



साथ ही दैनिक सफाई रोस्टर लागू कर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर फोटोग्राफ सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि पुन: निरीक्षण में यदि स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं पाया गया तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता संगीत सोम को मिली जान से मारने की धमकी, बांग्लादेश नंबर से कॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना सीट से भाजपा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता संगीत सोम को सोमवार सुबह उनके निजी सचिव के नंबर पर जान से मारने की धमकी मिली। यह धमकी व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से आई, जो बांग्लादेश के मोबाइल नंबर से की गई बताई जा रही है। धमकी देने वाले ने उनके परिवार समेत गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी और भारत के एक न्यूज चैनल को उड़ाने की धमकी भी दी।

संगीत सोम के निजी सचिव चन्द्रशेखर ने सरधना थाने में लिखित तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले की साइबर सेल के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि कॉल और मोबाइल नंबर की लोकेशन, आईपी डिटेल सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। साथ ही भाजपा नेता की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।



### गृहमंत्री अमित शाह ने की वार्ता, सुरक्षा पर भरोसा दिलाया

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फोन पर संगीत सोम से बातचीत कर धमकी के पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। गृहमंत्री ने कहा कि ऐसी धमकियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जांच तेज करने और साइबर तकनीक की मदद से आरोपी तक पहुंचने के निर्देश दिए।

### डरने वाले नहीं हैं: सोम

धमकी के बाद संगीत सोम ने पत्रकारों से कहा कि वे किसी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लिए मैं 24 घंटे तैयार हूँ। किसी भी बांग्लादेश के खिलाड़ी को भारत में खेलने नहीं दिया जाएगा। 31 दिसंबर को उन्होंने दौराला के मटौर में आयोजित एक कार्यक्रम में आईपीएल टीम में बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को खरीदने पर केकेआर टीम के मालिक शाहरूख खान को गद्दार और सनातन धर्म विरोधी बताया था। उनके बयान के बाद बीसीसीआई ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर आईपीएल में खेलने से प्रतिबंध लगा दिया था।

### समर्थकों में चिंता, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

धमकी मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में चिंता का माहौल है। उन्होंने पुलिस से नेता की सुरक्षा बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। समर्थक विनोद जैन ने कहा कि विदेशी नंबर से धमकी मिलने की घटना गंभीर है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

## एक बार फिर जिला पंचायत के चुनावी रण में उतरेंगे नवाजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मेरठ जिला पंचायत वार्ड 16 से जिला पंचायत सदस्य नवाजिश चौधरी एक बार फिर से लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। आपने जिला पंचायत सदस्य कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनगिनत विकास कार्य किए हैं। वार्ड नंबर 16 के अधिकतर गांवों में विकास की एक बानगी देखने को मिलती है। अधिकतर गांवों में नाली खड़ंजों के साथ-साथ सड़कों का निर्माण भी विकास कार्यों की गवाही दे रहा है। नवाजिश चौधरी का कहना है कि लोगों का प्यार उनकी ताकत बना है। भाईचारा क्षेत्र की पहचान बना है और आगे भी लोगों के प्यार और उनके आशीर्वाद के बल पर वह विकास कार्य को नए आयाम देंगे। उन्होंने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव के लिए वह फिर से मैदान में हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि एक बार फिर क्षेत्र की जनता उन्हें यहां से यह चुनाव जिताकर भेजेगी ताकि और नए विकास क्षेत्र की जनता को मिल सकें।



# नौकरी करने हरिद्वार गया युवक लापता, पत्नी ने थाने में दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाने के ग्राम सलावा से हरिद्वार गया युवक लापता हो गया। थाने पहुंच कर लापता युवक की पत्नी ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। सोमवार को थाने पहुंची सलावा निवासी करिश्मा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया की उसका पति शेखर पुत्र सूरजपाल जो नौकरी के सिलसिले में तीन जनवरी 2025 को हरिद्वार गया था, अब तक घर वापस नहीं लौटे हैं। करिश्मा ने बताया कि उन्होंने हरिद्वार और आस-पास के सभी रिश्तेदारों और परिचितों में अपने पति की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उनका कहना है कि पति की गुमशुदगी से परिवार में तनाव और चिंता का माहौल है। महिला ने पति शेखर का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित घर लाने में मदद की जाए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि हरिद्वार और आस-पास के इलाकों में संपर्क कर जल्द ही उनके पति का पता लगाया जाएगा।

## खानपुर गांव के रजवाहे में अनियंत्रित होकर गिरी कार किसी तरह बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** घने कोहरे में आज कल हादसे दिन पर दिन बढ़ते ही जा रहे हैं ऐसा ही मामला सोमवार अल सुबह को जानी ब्लाक के गांव खानपुर के रजवाहे में कार अनियंत्रित होकर गिर गई। ड्राइवर ने किसी तरह अपनी जान बचाई लोगों ने जानी पुलिस को सूचना दी तभी पुलिस ने कार को किसी तरह बाहर निकाला। सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने बताया की विजेंद्र निवासी रोहतक किसी काम से जानी क्षेत्र में आया था जब वह खानपुर गांव के रजवाहे के पास पहुंचा तो उसकी कार अनियंत्रित हो गई और रजवाहे में जा गिरी किसी तरह विजेंद्र ने अपनी जान बचाई मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को बाहर निकाला। वहीं विजेंद्र के मामूली चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कर दिया।



# किठौर में बीएन ग्लोबल टूर एंड ट्रेवल का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर स्थित गढ़ रोड पर ताज होटल के समीप रविवार को बीएन ग्लोबल टूर एंड ट्रेवल प्राइवेट लिमिटेड का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के कद्दावर नेता मुनकाद अली व मौलाना इकबाल जड़ौदा वाले रहे। जिन्होंने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुनकाद अली ने कहा कि बीएन ग्लोबल टूर एंड ट्रेवल क्षेत्र के लोगों को बेहतर, विश्वसनीय और पारदर्शी यात्रा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने संस्थान के संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यालय स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक हाफिज डॉ. असद बाबुद्दीन एवं हाफिज अखलद बाबुद्दीन ने बताया कि बीएन ग्लोबल टूर एंड ट्रेवल द्वारा हज-उमराह, देश-विदेश की टूर पैकेज सेवाएं, हवाई टिकट, वीजा एवं अन्य ट्रैवल से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी, व्यापारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: डॉ. वी.के. सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवसमें अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए।



तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 74 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम मवाना संतोष कुमार सिंह, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

# अगले दो दिन कड़ाके की ठंड पड़ने का अलर्ट जारी

- पहाड़ी क्षेत्र में हुई बर्फबारी से बढ़ेगी ठिठुरन, प्रदूषण का स्तर आया नीचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नए साल की शुरूआत के साथ ही सर्दी और शीतलहर का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। मौसम के मिजाज को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। सोमवार को निकली धूप ने लोगों को कुछ राहत दी।



इसके बावजूद ठंड का असर बना हुआ है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। इसी कारण शीतलहर का प्रकोप तेज हो गया है। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा लेने को मजबूर हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान कम रहने की संभावना है और शीतलहर का असर बना रहेगा। उन्होंने लोगों को गर्म कपड़े पहनने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# दलालों के मकड़ जाल में फंसा आरटीओ कार्यालय

- रिश्वत का विभाग में बोलबाला, एडीएम सिटी से भ्रष्टाचार की शिकायत
- दलाल तंत्र सरकारी कर्मचारी की मोहरे भी कर रहे इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी विभागों को सीधा जनता से जोड़ने के लिए एक के बाद एक योजना पर काम कर रहे हैं। सरकारी पोर्टल भी दलाल तंत्र को कमजोर करने और सीधा जनता की पकड़ को मजबूत बनाने के लिए लॉन्च हो रहे हैं लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शायद भूल गए हैं कि जब तक उनके अधिकारी भ्रष्टाचार की जड़ों में जकड़े हुए हैं तब तक उनकी कोई भी योजना धरातल पर पूर्ण रूप से काम नहीं कर सकती। हम बात कर रहे हैं मेरठ आरटीओ कार्यालय की जहां पर दलाल तंत्र इतनी हावी हो चुके हैं कि वह आरटीओ ऑफिस में ऐसे घूमते फिरते दिखते हैं जैसे वह अपने घर के कमरों में घूम रहे हैं। सरकारी मोहरो का खुद ही इस्तेमाल करके एजेंट खुद भी पैसा कमा रहे हैं और सरकारी कर्मचारियों पर भी धन वर्षा कर रहे हैं। आरटीओ कार्यालय में हर चीज के पैसे सेट हैं अगर किसी को बीना गाड़ी चलाए ही लाईसेंस बनवाना है तो यहां पर आपको झटपट लाइसेंस मिल सकता है। बिना रिश्वत के कोई भी लाइसेंस पास होना लगभग नामुमकिन सा बन गया है इसीलिए जो इंसान सीधे आरटीओ कार्यालय में अपने लाइसेंस के लिए आता है उसे चक्कर पर चक्कर कटवाए जाते हैं ताकि वह मजबूर होकर एजेंट को पकड़े और अपनी जेब ढीली करें।

शाह टाइम्स की टीम ने जब सोमवार को आरटीओ कार्यालय में अपने खुफिया कैमरे के माध्यम से यहां पर पनप रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया तो कैमरे में कोई दलाल विभाग के कमरे में बैठा मिला तो कोई लोगों से पैसा ऐंठता हुआ दिखाई दिया। हालांकि कैमरे को देखकर सब तितर बितर हो गए और अपना चेहरा छुपाने लगे। इस दौरान एक युवक ने बताया कि वह अपना लाइसेंस बनवाने आया है और गाड़ी नाम करवाना है जिसके लिए उन्होंने बाहर खड़े दलाल को कागज दिए जो कागजों पर मोहर लगवाने के लिए अंदर गया है। इस दौरान हमारी टीम आरटीओ कार्यालय के कई पटल पर गई जहां पर दलाल अपने ही हाथों से सरकारी मोहर का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दिए। जैसे उन्हें कैमरे की भनक लगी तो वह कागज छोड़कर भाग खड़े हुए।



कैमरे में कैद हुए कार्यालय के अंदर मौजूद दलाल।



दलाल के द्वारा काम कराने की जानकारी देता युवक।

### आरटीओ की मौजूदगी में ही होते हैं सब काम

आरटीओ कार्यालय का भ्रष्टाचार किसे छुपा नहीं है। ऊपर से लेकर नीचे तक किसको कितना महीना जाता है यह किसी को कुछ बताने की जरूरत नहीं है। खुलेआम भ्रष्टाचार का नंगा नाच आरटीओ कार्यालय में देखने को मिल जाता है और यह सब उनकी देखरेख में है जो इन सबको रोकने के लिए यहां पर तैनात किए गए हैं यानी आरटीओ। आरटीओ की मौजूदगी में ही यह सब हो रहा है। अब या तो उन्हें इसका ज्ञान नहीं या फिर ज्ञान होकर भी वह अनजान हैं। जब इस संबंध में आरटीओ से बात करने की कोशिश की तो उनका फोन नोट रेचबिल आता रहा।



कैमरा चलता देख कागज छोड़कर भागा दलाल।

### एडीएम से की शिकायत

आरटीओ कार्यालय में पनप रहे भ्रष्टाचार की शिकायत एक व्यक्ति ने सोमवार को एडीएम सिटी से की है। शिकायत कर्ता ने आरआई अजय तिवारी की जांच कराने की मांग की है। इसके बाद एडीएम सिटी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस पर कार्रवाई करेंगे।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में पैदल मार्च व प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ परिसर में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पैदल मार्च एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। मार्च विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर प्रशासनिक भवन तक पहुँचा, जहाँ प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने अंकिता भंडारी को न्याय दो', दोषियों को फाँसी दो, न्याय में देरी, न्याय से इनकार जैसे नारे लगाते हुए प्रशासन की संवेदनहीनता पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान छात्र नेताओं सहित जनप्रति. निधियों ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रदर्शन के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो विश्वविद्यालय परिसर से लेकर जिला मुख्यालय तक व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शशिकांत गौतम, अनुज भड़ाना, आकाश भड़ाना, राहुल वर्मा, शुभम गढ़ी, शान मोहम्मद, खुशवेंद्र प्रताप सागर, अनिकेत सागर, अजीत जाटव, चेतन प्रकाश, शहजाद अंसारी व अन्य रहे।

शशिकांत गौतम ने कहा अंकिता भंडारी के साथ हुई घटना ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। अगर ऐसे मामलों में तुरंत और कड़ी कार्रवाई नहीं होगी तो अपराधियों के हौसले बढ़ते रहेंगे। हम मांग करते हैं कि सरकार समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करे। अनुज भड़ाना ने कहा यह केवल एक व्यक्ति की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज की लड़ाई है। जब तक अंकित भंडारी को न्याय नहीं मिलता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। आकाश भड़ाना ने कहा सरकार को दिखावटी बयानबाजी से बाहर निकलकर जमीन पर ठोस कार्रवाई करनी होगी। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, यही हमारी माँग है। राहुल वर्मा ने कहा कि छात्र समाज अब चुप नहीं बैठेगा। न्याय में देरी पर हम सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।




# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले राष्ट्रीय सचिव अंकित शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अंकित शर्मा लखनऊ स्थित आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले और उनको नववर्ष की शुभकामनाएं दी। गर्मजोशी से अखिलेश यादव ने अंकित शर्मा का स्वागत किया। जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच 2027 सिवाल खास विधानसभा चुनाव के लिए राजनी. तिक चर्चा हुई। वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति इस बार बदलाव चाहता है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी जिसको लेकर हर कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। इस मौके पर सपा नेता मोनू तोमर सिवाल खास विधानसभा, उपाध्यक्ष गुलशन बाफर, अयान, रिजवान चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कर्ज से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान, टुकड़ों में बंटा शव

## बैंक से ले रखा था कर्ज, काफी समय से डिप्रेशन में था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रेलवे लाइन पर एक युवक ने डिप्रेशन के चलते कर्ज से परेशान होकर ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। मौके पर युवक की मौत और शव के टुकड़े बिखरे पड़े मिले। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार सदमे में आ गया वहीं परिवार का रो- रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि युवक लंबे समय से मान. सिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहा था। घटना सुबह समय करीब 8 बजे की है, जब रेलवे ट्रैक से एक ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान युवक अचानक ट्रेन के सामने कूद गया और ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर शव के टुकड़े दूर तक पड़े मिले। वहीं आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव के अवशेषों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया, पुलिस मामले की जांच की जा रही है। यह घटना ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में आने वाली लखनऊ रेलवे लाइन का है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए लोगों को बुलाया, इसी दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने युवक की पहचान शाहबुद्दीन पुत्र शहजाद, निवासी रशीद नगर के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। शव की स्थिति देखकर परिजन सहम गए। सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि परिवार से पूछताछ में सामने आया है कि युवक ने बैंक से लोन लिया था। जिसको लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। इसी वजह से शहाब. ुद्दीन मानसिक तनाव और डिप्रेशन में चल रहा था। जिसके चलते युवक ने खुर्जा पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद शहाबुद्दीन रेलवे लाइन पर पहुंचा और ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बांग्लादेश में नहीं होगा IPL का प्रसारण



● सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी ब्रॉडकास्टर्स को प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया।

यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बांग्लादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए। यह निर्देश उचित अधिकारियों की मंजूरी से जनहित में जारी किया गया है।

## खेल मंत्री के अनुरोध पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लिया फैसला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा था कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण निलंबित किया जाए। इसके एक दिन बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आईपीएल का प्रसराण निलंबित करने का फैसला लिया।

बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा, मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईपीएल के लिए बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बीसीसीआई के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद आहत, दुखी और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा।

इससे पहले, रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट किया था कि वह अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। फिलहाल आईसीसी ने बीसीबी की मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता



**मुंबई, वार्ता।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा कि पिछल 10 वर्षों में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बघ हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा।

जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा कि नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रांची रॉयल्स को हराकर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

**रांची, वार्ता।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए पेनी स्क्विब ने (पहले) और ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में गोल दागे। जबकि रांची रॉयल्स के लिए अलोंसो ने (35वें) मिनट में गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार शुरुआत की, पहले ही मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। मिनट में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहला क्वार्टर 1-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

### बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप: 13 शहरों में होंगे 19 टूर्नामेंट

**गुरुग्राम, वार्ता।** बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के 16वें संस्करण में देश भर के 13 शहरों में 19 टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे। बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने सोमवार को बीएमडब्ल्यु गोल्फ कप 2026 के 16वें एडिशन का कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 सीजन का विस्तार किया है जिसके तहत 13 शहरों में 19 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, इसमें देश भर के 2,200 से अधिक शौकिया गोल्फर हिस्सा लेंगे। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम के शानदार गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। ओमेगा, एतिहाद, टेलरमेड, बैलेंटाइन और एचएसबीसी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साझेदार होंगे।

# पीटीपीए से अलग हुए नोवाक



● नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पीटीपीए से अलग होने की घोषणा कर दी

**बेलग्रेड, वार्ता।** सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अगल होने की घोषणा कर दी है। जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्रा आवाज मिली। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे मूल्य और दृष्टिकोण अब संगठन की मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने टेनिस, अपने परिवार और खेल में ऐसे तरीकों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखूंगा जो मेरे सिद्धांतों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। मैं खिलाड़ियों और इसमें शामिल लोगों को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए, यह अध्याय अब बंद हो गया है। पिछले वर्ष मार्च 2025 में पीटीपीए और कई खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीकों और खिलाड़ियों कल्याण की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाते हुए एटीपी, डब्ल्यूटीए, आईटीएफ और आईटीआईए समेत अन्य संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, जिसे एटीपी और डब्ल्यूटीए द्वारा खारिज कर दिया।

# एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को हराया





● युगल राउंड ऑफ-16 मुकाबले में एला व इवा जोविक ने विलियम्स और स्वितोलिना की जोड़ी को 1:29 मिनट तक चल मैच में 7-6, '7', 6-1 से हराया

औकलैंड, वार्ता। एलेक्जेंड्रा एला- इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। यहां खेले गए युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा कि मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं। मैं बहुत खुश हूं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# अय्यर होंगे अब होंगे मुंबई के कप्तान

**एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अय्यर को ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट, सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।



विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।

अय्यर पिछले अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने की प्रयास करते समय चोटिल होने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मंगलवार का मैच तीन महीने से ज्यादा समय में उनका पहला मैच होगा। मुंबई फिलहाल ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे अपना अगला लीग मैच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ और आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ खेलेंगे, दोनों मैच जयपुर में होंगे।

### ह्यूबर्ट हर्काज ने ज्वेरेव को हराया

**सिडनी, वार्ता।** पोलैंड के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हरकाज ने चोट से उबरते हुए सात महीनों के बाद सोमवार को यूनाइटेड कप में शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दिया है। यहां खेले गए मुकाबले में ह्यूबर्ट हरकाज ने जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

मैच के बाद ह्यूबर्ट हरकाज ने कहा कि काफी समय हो गया है जब मैंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। मेरा मतलब है, सात महीने, मैं टीम के साथ मुश्किल दौर से गुजर रहा था और यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वे सब मेरा सपोर्ट कर रहे थे। हमने काफी लंबा समय बिना प्रतियोगिता के बिताया और हमें नहीं पता था कि हम कब दोबारा कोर्ट पर वापस आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था।

# बीसीसीआई ने पटौदी को 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई ने सोमवार को भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान, महान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर याद कर रहे हैं। प्यार से टाइगर पटौदी के नाम से जाने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। पांच जनवरी 1941 को उनका जन्म हुआ था। वह 21 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान बने। वह 'सबसे महान कप्तानों में से एक' थे। 1961 में इंग्लैंड में एक कार एक्सीडेंट में अपनी दाहिनी आंख की रोशनी खोने के बावजूद पटौदी ने सिर्फ छह महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की और अपने खेले गए 46 टेस्ट में से 40 में भारत की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीती। एक बल्लेबाज के तौर पर, पटौदी ने टेस्ट क्रिकेट में 34.91 की औसत से 2,793 रन बनाए, जिसमें छह शतक शामिल हैं। टेस्ट इतिहास में नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक (554) गेंदें खेलने का रिकॉर्ड पटौदी के नाम है।



● एक टेस्ट में सबसे अधिक 554 गेंदें खेलने का रिकॉर्ड मंसूर अली खान पटौदी के नाम दर्ज

# भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने द. अफ्रीका 245 के स्कोर पर रोका



● टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**दक्षिण अफ्रीका, वार्ता।** किशन सिंह (चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को दूसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवरों में 245 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेसन राउल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाए। जेसन राउल्स ने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे एक ओर से जहां दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते जा रहे थे, जेसन राउल्स एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। डेनियल बोसमैन (31), अदनान लगादीन (25), अरमान मनैक (16), कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (14) और जोरिख वान स्कालक्वेक 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने 49.3 ओवर में 245 रनों के स्कोर पर सिमट गई। भारत की अंडर-19 टीम के लिए किशन सिंह ने चार विकेट लिए। अमब्रिश को दो विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जो रूट का शतक के साथ इंग्लैंड ने बनाए 384 रन

● जो रूट ने 242 गेंदों में 15 चौकों की मद् द से 160 रनों की शानदार पारी खेली

**सिडनी, वार्ता।** जो रूट (160) की शतकीय और हैरी ब्रूक (84) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ने इंग्लैंड ने एशेज के पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन 384 का स्कोर खड़ा करने के बाद स्टंप्स के समय तक ऑस्ट्रेलिया के 166 रन पर दो विकेट झटक लिए। यहां इंग्लैंड के कल के तीन विकेट पर 211 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में 226 के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट हैरी ब्रूक के रूप में गिरा। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। 229 के स्कोर पर इंग्लैंड को पांचवां झटका मिचेल स्टार्क ने कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) को आउट कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी



को संभलाने का प्रयास किया। जो रूट ने लंच से पहले 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर अपना 41वां शतक पूरा किया। उन्होंने 242 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। 75वें ओवर में मार्नस लाबुशेन ने जेमी स्मिथ (46) को अपना शिकार बना लिया। विल जैक्स (27) रन बनाकर आउट हुए। 98वें ओवर में माइकल नीसर ने जॉश टंग (शॅन्य) को बोल्ड कर 384 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन और मार्नस लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जेक वेदरॉल्ड की जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 13वें ओवर में बेन स्टोक्स ने जेक वेदरॉल्ड (21) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। 31वें ओवर में स्टोक्स ने मार्नस लाबुशेन (48) का शिकार कर इंग्लैंड की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 166 रन बना लिए है और हेड (नाबाद 91) और नीसर (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया अभी भी इंग्लैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 218 रन पीछे है।

## रूट ने 41वें टेस्ट शतक के साथ पोंटिग के रिकॉर्ड की बराबरी की

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपना 41वां शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग के रिकार्ड की बराबरी कर ली और पुरुषों के टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, पहले दिन खेल जल्दी खत्म होने के बाद 72 रन से आगे खेलते हुए, रूट ने शांत और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भोजनकाल के बाद 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक रूट का मौजूदा दौरे का दूसरा शतक है जिसने ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया। इस शतक के साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिग (41) की बराबरी कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसस मामले में भारत के सचिन तें. दुलकर (51) शतकों के साथ पहले जैक कैलिस (45) शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# जीवन पर संकट

देश की राजधानी दिल्ली से वायु गुणवत्ता को लेकर अच्छी खबर नहीं आ रही है। हालांकि गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि यहां की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जो सवेरे आठ बजे तक के लिए जारी किया गया है, वह दर्शाता है कि दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 260-262 तक रहा है। जोकि चिंताजनक है। अक्षरधाम की बात करें तो वहां एक्यूआई 293 रिकॉर्ड किया गया, हालांकि सबसे खराब हालत आनंद विहार में देखी गई, जहां यह 320 रहा। चांदनी चौक बेहद प्रसिद्ध स्थल है, वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दिखाई दिया यहां एक्यूआई 337 रहा। इसके चलते दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानें प्रभावित रही। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा से पहले उड़ान का शेड्यूल जांच करने की सलाह दी है। उनके अनुसार शांत हवा में अधिक नमी के कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लगातार बनी रहने वाली धुंध बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा सकती है। दिल्ली सरकार ने भी साफ किया है कि उल्लंघन या कानूनी नियमों का पालन ने करने के कारण कंस्ट्रक्शन और डिमोलेशन साइटों को बंद करने का आदेश दिया गया, उन्हें आयोग की स्पष्ट मंजूरी के बिना दोबारा काम शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मतलब दिल्ली सरकार दिल्ली में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन जो जमीनी स्तर पर हालात हैं, उन पर किसी तरह का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वायु गुणवत्ता बराबर खराब स्थिति में बनी हुई है। जाहिर है, जब सर्दी का मौसम अपने शबाब पर हो, तो यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि इसी समय दिल्ली की स्थिति वायु गुणवत्ता के मामले में खराब बनी हुई है, लेकिन यह सब लंबे समय से हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आखिर दिल्ली सरकार वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रही है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि पर्यावरण का मुद्दा अपने भारत में इतनी अहमियत नहीं रखता जितनी विदेशों में रखता है। इसे भारतवंशी लोग इतनी गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि थोड़े से हालात अब बदले हैं और लोगों ने पर्यावरण को लेकर अब आकर चिंता व्यक्त करना शुरू किया है, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकारें भी पर्यावरण को लेकर बातें भले ही कितनी बड़ी-बड़ी करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इतनी गंभीरता से काम नहीं करती, जितनी काम करने की आवश्यकता है। कोई भी समझ सकता है जब देश की राजधानी का यह हाल है, तो देश के अन्य शहरों और गांवों का क्या हाल होगा। यूं भी यह समस्या कोई किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे भारत की है और जरूरत आज इस पर गंभीरता से काम करने की है।

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़



राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का योगदान सराहनीय है, इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ हैं, एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है, यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विक. सित भारत 2047 की रीढ़ हैं, ऑपरेशन सिदूंर के दौरान लगभग 72,000 कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी, जिससे संकट की घड़ी में राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता स्पष्ट होती है। **सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

# ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय!



दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होने वाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिए बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है, चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधान अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि प्राप्त ई-साधानों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाए, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है।

इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधान अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द ेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी अफ़ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण सॉफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधान करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधान से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रलय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं, लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है। भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधान नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा द्धप्रबंधानऋ नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

**...साभार**

# वेज डिशेस में मिलेगा नॉनवेज डिश का टेस्ट

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों को नॉनवेज डिशेस देख कर वैसे ही मसालेदार, चटपटी, तीखी डिश खाने का मन करता है, लेकिन वो वेजिटेरियन होने के नाते उसे खा नहीं पाते। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी वेजिटेरियन डिशेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप नॉनवेज की तरह बनाकर खा सकते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें तीखा, स्पाइसी और मसालेदार खाने का मन होता है तो जानिए कुछ ऐसी वेज डिशेस के बारे में जिसमें आप नॉन वेज का मजा ले सकते हैं।



### वेज कीमा

वेज कीमा को आप मसालेदार नॉनवेज डिश की तरह बना सकते हैं। इसे पनीर और बाकी सब्जियों के साथ बनाया जाता है।

### वेजिटेबल टिक्का मसाला

नॉनवेज डिश की तरह आप वेजिटेबल टिक्का मसाला बना सकते हैं। आप इसे कई तरह के वेजिटेबल्स और पनीर से बना सकते हैं।

### काजू कोरमा

काजू कोरमा की डिश आपको नॉनवेज डिश की तरह ही लगेगी। काजू, क्रीम और ग्रेवी बनाने वाली चीजों के साथ आप काजू कोरमा बना सकते हैं।

### सोया चाप

सोया चाप भी आपको नॉनवेज डिश का टेस्ट देगा। सोया चाप को ग्रेवी के साथ बना सकते हैं।

### पनीर बटर मसाला

चिकन बटर मासाला का नाम तो आपने सुना होगा लेकिन बटर और पनीर की मदद से आप नॉनवेज टेस्ट जैसा पनीर बटर मसाला बना सकते हैं।

## डायबिटीज रेसिपीः शुगर फ्री पिंडखजूर के रोल

**सामग्री**- 500 ग्राम पिंडखजूर, 1 कटोरी सिंकी और पिसी हुई तिल, दो बड़े चम्मच ताजी मलाई, 1 कप काजू, बादाम, पिस्ते की कतरन तथा थोड़ी-सी खसखस।

**विधि**-सबसे पहले पिंडखजूर की गुठली निकाल. कर टुकड़े-टुकड़े कर लें। अब कड़ाही में मलाई गरम करके उसमें पिंडखजूर के टुकड़े डालें व हिलाती रहें। पिंडखजूर गल जाने पर उसमें पिसी हुई तिल, मेवे की कतरन डालकर गैस बंद कर दें। इस मिश्रण को एक थाली में लेकर अच्छी तरह मिलाएं और 2-3 बड़े-बड़े रोल बना लें।

अब एक थाली में थोड़ी-सी खसखस फैला दें। फिर बने हुए रोल को खसखस पर लपेटें और एक प्लास्टिक शीट में लपेटकर फ्रिज में रख दें। 2-3 घंटे बाद बाहर निकाल कर शीट हटा दें व चाकू से मनचाहे आकार में पीसेस काट लें। यह मिठाई खाने में लाजवाब और कई दिनों तक खराब नहीं होती है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।



# जीवन में दुखभरे मोड़ के बाद फिर से ऐसे करें नई राह की शुरुआत

लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते से अलग होना मुश्किल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज़्यादा मुश्किल क्या है? डेटिंग की दुनिया में वापस लौटना। यह अजीब, अपरिचित और बिल्कुल डरावना लग सकता है। एक पल में, आप अपने नए साथी की बाहों में लिपटे हुए होते हैं, और अगले ही पल, आप अपने पिछले रिश्ते की यादों में खो जाते हैं। आप अपना सिर उनके कंधे पर टिकाना चाहते हैं, लेकिन फिर, अचानक, एक बुरे लगाव की दर्दनाक याद सामने आ जाती है।

हम जानते हैं कि यह डरावना है और हम यह भी जानते हैं कि लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के टूटने से आगे बढ़ना मुश्किल है। ब्रेकअप के बाद आगे बढ़ना ऐसा महसूस करा सकता है जैसे आप अपने साथ आत्म-संदेह, चिंता और यहां तक कि अवसाद का बोझ भी ढो रहे हैं। खुद से सवाल करना और यह सोचना कि क्या आप कभी फिर से श्सामान्यश महसूस कर पाएंगे, सामान्य है, लेकिन बात यह है कि उम्मीद है। आप इससे आगे बढ़ सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ फिर से डेटिंग शुरू कर सकते हैं। यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं।

सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।

**डेटिंग से सीखने की कोशिश करें**

डेटिंग का मतलब अपने एक्स के द्वारा छोड़े गए खालीपन को भरना या सेक्स करना नहीं है, यह इन चीजों से कहीं ज्यादा है। जब आप डेट करने के लिए तैयार हों तो सुनिश्चित करें कि आप जीवन और प्यार के नए .ष्टिकोण सीखने के लिए अपना दिमाग खोलें। एक्सपर्ट कहते हैं कि खुद को डेटिंग के लिए खोलना आपको इस सोच में डाल सकता है, मैं कुछ अच्छे लोगों से मिलने जा रही हूं। उनमें से कुछ मेरे दोस्तों को बाद में बताने के लिए एक मजेदार कहानी होगी, और शायद कोई मेरा अगला प्रेमी बन जाए, और मुझे उन दोनों से कोई परेशानी नहीं है। डेटिंग से पहले अकेले वो करें जो आपको पसंद है-डेट पर जाने से पहले ऐसी गतिविधियों से शुरुआत करें जो आपको अकेले में पसंद हों। फैंसी रेस्टोरेंट या भीड़-भाड़ वाले बार हमेशा पहली डेट के लिए आदर्श नहीं होते, खासकर तब जब आप पहले से ही नर्वस महसूस कर रहे हों। एक्सपर्ट ने कहा कि पहली डेट पर जाना बहुत ज्यादा खर्चीला या आपके कम्फर्ट जोन से बाहर होना जरूरी नहीं है। ऐसी जगहों पर जाएं जहां आप सहज महसूस करें। अगर आपको खाने-पीने का शौक है, तो अपनी पसंदीदा स्थानीय जगह पर जाएं। अगर आपको किताबों की दुकानें पसंद हैं, तो किसी आरामदायक कैफे में चाय पिएं और अलमारियों को ब्राउज करते हुए बातचीत करें। परिचित वातावरण चुनने से अनुभव कम डरावना लग सकता है और आपको आराम करने में मदद मिल सकती है।

**ईमानदार होना आपकी कमजोरी नहीं है**

याद रखें, ईमानदार होना ठीक है। अगर आप नर्वस महसूस कर रहे हैं तो आपको ऐसा व्यवहार करने की जरूरत नहीं है कि आप पूरी तरह से सहज हैं। डॉ. ले गोय कहते हैं, डेट को यह बताना बिल्कुल ठीक है कि आप इस मामले में नए हैं और पूरी तरह से सहज नहीं हैं।श खुलकर बात करने से आप दोनों के लिए चीजें आसान हो सकती हैं। वे आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप चुप या चिंतित क्यों हैं। साथ ही, वास्तविक होना आपको आराम करने में मदद करता है, और अगर आप खुद नहीं हो सकते, तो इसका क्या मतलब है?



**यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।**

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद की बर्बाद हो रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गए 32 क्यूबाई

**■ सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए**
**■ इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे**

नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे। ट्रम्प ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों 'बहुत बीमार' देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को 'एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोक.ीन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है।

## ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाशत नहीं करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर हमारी करीबी नजर है।

पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा। एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है। करीब 222 जगहों पर प्रदर्शन और हड़ताल जारी हैं। छात्रों में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रोश के बीच कुल मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के डाटा के अनुसार, पिछले आठ दिनों में कम से कम 19 नागरिक और सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया है और कम से कम 51 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें ज्यादातर छर्रे और रबर की गोलियों से घायल हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने और कई इलाकों में लगातार टकराव के बावजूद, विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



कोलकाता। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताते व अपने अभभावकों के साथ टॉलीगंज आदर्श हिंदी हाई स्कूल के बाहर जमा छात्र व छात्राएं।

## वेनेजुएला में 32 नागरिकों के मारे जाने पर क्यूबा में राष्ट्रीय शोक की घोषणा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान मारे गए 32 स्वदेशी नागरिकों के सम्मान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी वीरता क्यूबा के लोगों की एकता और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला अभियान पर सांसदों को ब्रीफिंग देगा, डेमोक्रेट्स ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी सोमवार को चुनिदा सांसदों को वेनेजुएला में चलाए गए उस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देंगे जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। समाचार पत्र द हिल ने बताया, 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' पर यह ब्रीफिंग कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन शामिल हैं। ब्रीफिंग कैपिटल हिल पर शाम 5:30 बजे निर्धारित है। हाउस डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीज ने ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज कर दिया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई एक कानून प्रवर्तन ऑपरेशन था। उन्होंने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी थी। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इस ऑपरेशन के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं थी, क्योंकि यह न तो आक्रमण था और न ही कब्जा, बल्कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने का एक कानून प्रवर्तन मिशन था।

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

## कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं: धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है। ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है।

मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। डेनमार्क पीएम बोली: अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं ह। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है। फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं। डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले कि हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लो. कतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'जल्द ही'। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गति. विधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।



**■ अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है**

### रूस तेल आयात को लेकर ट्रम्प ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद सामने आया है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ने हिरासत में लिया था। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल भू-राजनीति पर दुनिया का ध्यान खींचा है। ओपेक के आंकड़ों के अनुसार वेनेजुएला के पास 300 अरब बैरल से अधिक का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, जो वैश्विक भंडार का लगभग 17 से 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के आयात शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के बाद से मोदी और ट्रम्प के बीच तीन बार बातचीत हुई है।

## मादुरो के बेटे बोले: इतिहास बताएगा गद्दार कौन

**■ वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है**

**कराकस।** वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। स्थानीय दैनिक एल-कोआपरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन हैं, गुएरा का यह बयान अमे. रिकी सैन्य अभियान के बाद आया है। दरअसल अमेरिकी सैना ने उनके पिता और प्रथम महिला सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयार्क लाया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आडियो रिकार्डिंग में, मादुरो गुएरा ने सत्तारूढ़ आंदोलन के भीतर संभावित विश्वासघात की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उन लोगों को बेनकाब करेगा, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे, इतिहास इसका खुलासा करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भीतर एक आंतरिक साजिश की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी आफ वेनेजुएला (पीएसयूवी) के सदस्य मादुरो गुएरा ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बावजूद पार्टी एकजुट रहेगी। उन्होंने समर्थकों से 4 और 5 जनवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया। ताकि नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुटता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बाहरी आक्रमण का जवाब देने के लिए राजनीतिक और सैन्य समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकोलस मादुरो इस समय अमेरिकी हिरासत में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंदोलन विभाजन या मनोबल में कमी की अनुमति नहीं देगा। एल-कोआपरेटिव ने रिपोर्ट के मुता. बिक उन्होंने आडियो रिकार्डिंग में कहा कि सत्ताधारी खेमा दृढ़ है और लामबंद होने के लिए तैयार है। हम ठीक हैं, हम शांत हैं। आप हमें सड़कों पर, इन लोगों के साथ देखेंगे। वह हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, बिल्कुल गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है! मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बीच, निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस अमेरिकी हिरासत में हैं। वाशिंगटन ने कहा है कि इस अभियान में वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शामिल था, जिसके बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान में मादुरो और फ्लोरेस को काराकास में पकड़ लिया गया।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।

आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानक. ारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिसु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिसु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर अधिक भार, खराब मौसम और परिचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं।

## जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गये सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा, हमले का मकसद साफ नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डालर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्काट-आयरिश फैमिली में हुआ था। जेडी अपनी मां बेवलीं एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता। ा उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवलीं ने बाब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवलीं को ड्रग्स और शराब की लत लग गई। ऐसे में जेडी ने अपना बचपन नाना जेम्स वेंस और नानी बोनी वेंस के साथ बिताया। अपने बचपन पर लिखी किताब 'हिलबिली एजेली: ए मेमोयर आफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में जेडी लिखते हैं, 'मुझे अपनी मां का बार-बार मकान बदलना पसंद नहीं था। मुझे नाना-नानी के घर में ही अच्छा लगता।' येल ला स्कूल में कानून की पढ़ाई दौरान जेडी को उषा चिलकुरी नाम की एक लड़की मिली। 'हिलं. बली एलेजी' किताब में जेडी लिखते हैं, श्मुझे पहली ही नजर में उषा से प्यार हो गया था। हमारी पहली डेट के बाद ही मैंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। पहले 2010 में दोनों अच्छे दोस्त बने, फिर 2014 में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कर ली। दरअसल, उषा का फैमिली बैकग्राउंड उनसे बिल्कुल अलग हैं।



**■ जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था**

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी, तीन फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी की ट्रोलिंग, 10 लोगों को सजा

## फर्स्ट लेडी को पुरुष कहा था, दोषी बोले: यह सिर्फ मजाक था

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी और फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों के खिलाफ आनलाइन उत्पीड़न के आरोप में दस लोगों को दोषी ठहराया है।

ब्रिगिट मैक्रों ने 2024 में इस आनलाइन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी ये लोग सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैला रहे थे कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष के रूप में जन्मी थीं और उनका नाम जीन-मिशेल ट्रोगन्यूक्स था, जो असल में उनके बड़े भाई का नाम है। इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 41 से 65 साल के बीच है। तीन लोग अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाईं। दोषियों को 8 महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ब्रिगिट मैक्रों की बेटी टिफेन आजियर ने गवाही दी कि इन अफवाहों से उनकी मां की सेहत और पूरे परिवार पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, एक दोषी ने कहा कि यह सिर्फ मजाक था। क्या फ्रांस में मजाक करने के लिए परमिट चाहिए? ब्रिगिट और उनके भाई की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुरूष समझ लिया था। आरोपियों पर ब्रिगिट मैक्रों के लिंग को लेकर कई दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां करने का इल्जाम था। कुछ दोषियों ने उनके और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच 24 साल के फर्क को 'पीडोफिलिया' (छोटे बच्चों की ओर यौन आकर्षण) से जोड़ा। ब्रिगिट मैक्रों ने पुलिस को बताया कि ये आनलाइन टिप्पणियां परेशान करने वाली है। यह सुनना उनके पोते-पोतियों के लिए बहुत मुश्किल है कि उनकी दादी पुरुष हैं। मुकदमे के दोषी जेरोम ए ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट सिर्फ मजाक के रूप में किए थे। उनका कहना था कि ब्रिगिट मैक्रों एक शक्तिशाली व्यक्ति हैं, इसलिए उन्हें आला. ेचना सहन करनी चाहिए। एक महिला आरोपी बताती हैं कि वे पहले भी ब्रिगिट मैक्रों की शिकायत का सामना कर चुकी हैं। 2021 में उन्होंने यूटयूब पर नताशा रे नाम की महिला का चार घंटे का इंटरव्यू पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि ब्रिगिट मैक्रों पहले पुरुष थी। इसके बाद ब्रिगिट ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपये और उनके भाई को 5 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई, 2024 को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। ब्रिजिट मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।



**■ इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं**
**■ दोषियों को आठ महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर